रोहतक
मंगलवार 13 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 345
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 18.0
न्यून. 0.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com









## खबर संक्षेप

### वॉशरूम में 2 बार बेहोश हुए धनखड़, एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पिछले सप्ताह में दो बार बेहोश होने के बाद सोमवार को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया।



अधिकारियों के मुताबिक 10 जनवरी को धनखड़ वॉशरूम में दो बार बेहोश हो गए थे। डॉक्टर्स ने जांच के लिए भर्ती करने की सलाह दी। चिकित्सकीय जांच के तहत डॉक्टर एमआरआई भी करेंगे। बता दें कि जगदीप धनखड़ पिछले साल से ही स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने उपराष्ट्रपति पद से भी स्वास्थ्य कारणों से ही इस्तीफा दिया था। *एजेंसी*

### सब्जियों-दालों के दाम बढ़ने से दिसंबर में बढ़ी महंगाई

**नई दिल्ली।** रसोई के जरूरी सामानों, खासकर सब्जियों और प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते दिसंबर



2025 में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 1.33 प्रतिशत पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यह नवंबर में 0.71 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 1.33 प्रतिशत हो गई है। इससे पहले सितंबर में महंगाई दर 1.44 प्रतिशत के स्तर पर थी। *एजेंसी*

*चुनाव आयुक्तों को कानूनी प्रतिरक्षा देने वाले प्रावधान को चुनौती*

# सुप्रीम कोर्ट का केंद्र व ईसी को नोटिस सीजेआई बोले-हम जांच करना चाहेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयुक्तों को उनके कामों के लिए आजीवन कानूनी इम्युनिटी (प्रतिरक्षा) देने वाले प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, हम इसकी जांच करना चाहेंगे। हम नोटिस जारी कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर की याचिका में 'मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं कार्यकाल) बिल 2023' के एक प्रावधान को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता के वकील ने यह बिल चुनाव आयुक्तों को आजीवन अभूतपूर्व इम्युनिटी नहीं दे सकता, यह इम्युनिटी संविधान निर्माताओं ने जजों को भी नहीं दी है। संसद ऐसी इम्युनिटी नहीं दे सकती जो संविधान निर्माताओं ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों को नहीं दी।



**खास बातें**

1. *याचिका में दावा, ऐसी सुरक्षा तो संविधान निर्माताओं ने जजों को भी नहीं दी*
2. *कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर की याचिका पर शीर्ष कोर्ट ने की सुनवाई*
3. *मुख्य चुनाव नियुक्ति बिल 2023' के प्रावधान को दी कोर्ट में चुनौती*

## सर्दी का कहर : फसलों पर जम रहा पाला, नुकसान का अंदेशा

**हरिभूमि टीम (हरियाणा)।** प्रदेश में ठंड का कहर जारी है। पारा जमाव बिंदू के नजदीक पहुंच गया है। दिन में तेज धूप खिलने के बावजूद बर्फीली हवाओं ने कंपकंपी छुड़ा रखी है। कई स्थानों पर फसलों पर पाला जम रहा है। इससे रबी फसलों को नुकसान का अंदेशा बन गया है। विशेषज्ञों के अनुसार पाला जमने से सरसों की कच्ची फलियों को नुकसान हो सकता है। सोमवार को 0.6 डिग्री के साथ गुरुग्राम सबसे ठंडा रहा। वहीं भिवानी में 1.5, सिरसा में 1.7, सोनीपत में 1.6 और नारनौल में 1.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। 13 जनवरी से कड़ाके की ठंड से कुछ हद तक राहत मिलने की संभवना जताई जा रही है। दक्षिणी हरियाणा के कुछ जिलों में मौसम में हल्का सुधार देखने को मिल सकता है, जबकि उत्तर और मध्य जिलों में कोहरा जारी रहेगा।

**पारा जमाव बिंदू के नजदीक बर्फीली हवाओं ने छुड़ाई कंपकंपी**

## करनाल में बुजुर्ग दंपति की गला घोंटकर हत्या

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** जिले के असंध कस्बे में सोमवार सुबह बुजुर्ग दंपती की हाथ-पैर बंधी लाशें घर में जमीन पर पड़ी मिली। पोता घर आया तो सारा सामान बिखरा हुआ था। घटना बीडीपीओ ऑफिस वाली गली में हुई। दंपती घर पर अकेले ही थे। पुलिस का कहना है कि मामला लूट का नहीं लग रहा। गला घोंटकर हत्या की गई है। इनके मुंह पर टेप भी लगी हुई थी। असली वजह जांच के बाद ही सामने आएगी। मृतकों की पहचान हरि सिंह (80) और लीला (75) के रूप में हुई है। हरि सिंह नंबरदार थे। वह मूल रूप से कारसा गांव से थे। करीब 40 सालों से वह असंध में रह रहे थे। वह कबाड़ का काम करते थे। हरि सिंह के 2 बेटे हैं। इनमें से गुलाब रत्तक रोड पर रहते हैं, जबकि बंसी हरि सिंह के पड़ोस में ही रहते हैं। हरि सिंह का पोता इनके साथ ही काम करता है।

- **हाथ-पैर बांधकर मुंह पर टेप लगाई**

## तीसरी स्टेज में गड़बड़ी आई, 16 सैटेलाइट अंतरिक्ष में खोए

# इसरो को झटका, पीएसएलवी का लगातार दूसरा मिशन फेल

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) का साल 2026 का पहला मिशन पीएसएलवी-सी62 फेल हो गया है। रॉकेट 12 जनवरी को सुबह 10.18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से 16 सैटेलाइट लेकर उड़ा था। इसरो चीफ डॉ. वी नारायणन ने कहा कि रॉकेट लॉन्चिंग के तीसरे चरण में गड़बड़ी आ गई, जिसके कारण वह रास्ता भटक गया और सभी 16 उपग्रह अंतरिक्ष में खो गए। पिछले साल 18 मई को भी इसरो का पीएसएलवी-सी61 मिशन तकनीकी खराबी के कारण तीसरी स्टेज में ही फेल हुआ था। इस मिशन में ईओएस-09 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट को 512 किमी की सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था।

**10:18** बजे श्रीहरिकोटा से लॉन्चिंग

**512** किमी ऊपर अंतरिक्ष में होना था स्थापित

उपग्रहों के साथ अन्वेषा भी अंतरिक्ष में भेजा

***इससे पहले पीएसएलवी-सी 61 भी हो गया था फेल***



### ऐसे पूरा होना था लॉन्चिंग का पूरा चरण

- ईओएस-एन1 (अन्वेषा) और 14 सैटेलाइट्स को 512 किलोमीटर की ऊंचाई पर सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट (एसएसओ) में स्थापित किया जाना था।
- रॉकेट के चौथे हिस्से (पीएस4 स्टेज) को दोबारा चालू किया जाना था ताकि इसे वापस धरती की ओर मोड़ा जा सके।
- फिर स्पेन के एक स्टार्टअप का 'किड' यानी केस्ट्रल इनिशियल टेक्नोलॉजी डेमोनस्ट्रेटर किड कैप्सूल इससे अलग हो जाता।

### विस्तृत विश्लेषण कर रहे : वी नारायणन



इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बताया कि उड़ान के तीसरे चरण के दौरान जब 'स्ट्रैप-ऑन मोटर' पीएसएलवी-सी62 को निर्धारित ऊंचाई तक ले जाने के लिए 'थ्रस्ट' प्रदान कर रहे थे, तब रॉकेट में गड़बड़ी आ गई और बाद में वह उड़ान पथ से विचलित हो गया। उन्होंने कहा कि रॉकेट में गड़बड़ी आने और उसके उड़ान पथ से भटकने के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत विश्लेषण शुरू कर दिया गया है।

### ऐसे फेल हुआ मिशन

- पीएसएलवी-सी62 का मिशन कुल 1 घंटा 48 मिनट 5 सेकेंड का था, लेकिन 8वें मिनट में गड़बड़ी आ गई।
- पीएस4 स्टेज का इग्निशन हुआ या नहीं, या पूरी तरह सफल नहीं रहा। सैटेलाइट्स को ऑर्बिट में इंजेक्ट नहीं किया जा सका।

#### 16 सैटेलाइट का अब क्या होगा

लॉन्च किए गए सभी 16 सैटेलाइट खुद नष्ट हो जाएंगे या समुद्र में गिर जाएंगे। ऑर्बिटर नियंत्रित नहीं होगा तो वायुमंडल में जलकर खत्म हो जाएंगे। ऐसे सैटेलाइट को रिकवर करना व्याहारिक रूप से संभव नहीं।






## हमारे लिए भारत जितना आवश्यक कोई अन्य देश नहीं : सर्जियो गोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में अमेर्रिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में पदभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा जरूरी कोई देश नहीं है। उन्होंने ट्रेड डील को लेकर कहा कि मंगलवार को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इसे लेकर फोन पर बात होने वाली है। अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती को असली बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। गोर ने उम्मीद जताई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले एक से दो साल में भारत का दौरा कर सकते हैं। अपने पहले संबोधन की शुरुआत गोर ने 'नमस्ते' के साथ की और कहा कि भारत में अमेरिकी राजदूत होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने भारत को एक असाधारण राष्ट्र बताया और यहां काम करने को सम्मान की बात कहा।



**ट्रेड डील पर वार्ता आज**

**सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में मतभेदों को सुलझा लेते हैं**

## स्कूलों में रसोइये सिर्फ खाना बनाएंगे, घास नहीं काटेंगे


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा शिक्षा विभाग ने जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत कार्यरत 28 हजार रसोइया सह-सहायकों को भोजन तैयार करने के अलावा किसी अन्य कार्य में न लगाया जाए। अभी उन्हें रुक कर कई अन्य काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिनमें सफाई, खेल के मैदानों में घास काटना और यहां तक कि छतों की सफाई भी शामिल है। इसके अलावा कहा गया है कि रसोइया सह-सहायकों की साल में 2 बार चिकित्सा जांच सुनिश्चित करें। इसके अलावा यदि विद्यालय में छात्रों की कम संख्या के कारण किसी रसोइया सह-सहायक को हटाया जाता है और उसी गांव के किसी अन्य स्कूल में (उसी अवधि के दौरान) कोई पद रिक्त होता है, तो उन्हें उस पद पर समायोजित किया जा सकता है।



**शिक्षा विभाग का निर्देश**

**सभी डीईए को निर्देश, खाने के अलावा अन्य काम न करवाएं साल में दो बार स्वास्थ्य जांच हो**

## खबर संक्षेप

### सतबीर शिल्प मेले के लिए प्रशासक नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने फरीदाबाद के अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी सतबीर सिंह को 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2026 के लिए मेला प्रशासक नियुक्त किया है।

### बिजली शिकायतों पर आज पंचकूला में सुनवाई

**पंचकूला ।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सर्कल फोरम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही मंगलवार को अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय पंचकूला में की जाएगी।

### ट्रैक्टर पर मिलेगा तीन लाख तक का अनुदान

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को सशक्त बनाने हेतु वर्ष 2025-26 के लिए ट्रैक्टर अनुदान योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। किसान 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत अनुसूचित जाति के वे किसान, जिनके नाम कृषि भूमि है परिवार पहचान पत्र के अंतर्गत परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर 45 हॉर्स पावर या उससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर 3,00,000 लाख प्रति इकाई अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### संपत्तियों की ई-नीलामी करेगा प्राधिकरण

**चंडीगढ़।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा ई-नीलामी नीति 19 सितम्बर, 2025 की धारा संख्या-4 में संशोधन के अनुसार, मेजर साइट्स के लिए अब सिर्फ न्यूनतम दो ईएमडी अनिवार्य होंगी, जिसकी नीलामी 31 जनवरी की जाएगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्राधिकरण द्वारा सभी जोनस की आवासीय व व्यावसायिक साईट्स, नर्सिंग होम, क्लिनिक साईट्स व सभी स्कूल साईट्स के लिए 28 जनवरी को नीलामी की जाएगी। इसी प्रकार, गुरुग्राम और रोहतक ज़ोन के आवासीय व व्यावसायिक साईट्स (सामान्य) के लिए 29 जनवरी को नीलामी की जाएगी। जिला फरीदाबाद, हिसार और पंचकूला ज़ोन के आवासीय व व्यावसायिक साईट्स के लिए 30 को नीलामी की जाएगी।

### बोस विवि में होगी दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस

**चंडीगढ़।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद मीडिया, समाज और डिजिटल युग में सार्वजनिक विमर्श विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित यह सम्मेलन 17 एवं 18 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजीव कुमार ने सोमवार सम्मेलन का ब्रोशर जारी किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. राजीव कुमार ने इस आयोजन की शैक्षणिक एवं सामाजिक संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा, डिजिटल मीडिया के उस युग में जहां यह हमारे जीवन के हर पहलू को आकार दे रहा है, सम्मेलन में इसपर मंथन किया जाएगा।

### भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने युवा दिवस पर युवाओं से की अपील

# भारत को विकसित बनाना है तो युवाओं को नेतृत्व के लिए आगे आना होगा : नबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि हमारे प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद ने हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया है। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि जब-जब देश आगे बढ़ेगा और नई ऊंचाइयों को छूएगा उस ऊंचाई का नेतृत्व युवा करता दिखाई देगा। युवाओं से अपील की कि देश का युवा विकसित भारत बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें और प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन को पूरा करने में अपना योगदान दें। नबीन रविवार को गुरुग्राम में स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज हम इस बात के साक्षी हैं कि प्रधानमंत्री ने देश भर के युवाओं को प्रेरणा और नेतृत्व दिया है। युवाओं का आह्वान करते हुए नबीन ने कहा कि हम सभी को मिलकर विकसित भारत बनाना है और युवाओं को नेतृत्व के लिए आगे आना होगा।

■ गुरुग्राम पहुंचने पर नितिन नबीन का मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने स्वागत किया

इससे पहले गुरुग्राम पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे।

### नबीन ने नायब सरकार को सराहा, बोले- विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा हरियाणा

कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीएम सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि आज मैं उस ऊर्जा को महसूस कर रहा हूं जो भारत का युवा देश को विकसित करने में नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में युवा आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें रोजगार भी मिल रहा है।

### भाजपा में वंशवाद की नहीं, कर्मठता व योग्यता की पूजा होती है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज विवेकानंद की जयंती का दिन हमारे लिए गर्व का दिन है। उन्होंने मां शीतला और गुरु द्रोण की पवित्र धरती पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से प्रदेश के युवाओं में नई उर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत की आत्मा को विश्व मंच पर स्थापित किया। भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष को सरकार और संगठन का बड़ा अनुभव है। नबीन युवाओं के लिए एक प्रेरणा के रूप में है। उन्होंने कहा कि भाजपा में वंशवाद की नहीं कर्मठता और योग्यता की पूजा होती है। हमारी सरकार ने 11 वर्षों में हरियाणा की राजनीति की एक नई तस्वीर बनाई है। 1.80 लाख से अधिक युवाओं को नौकरियां देने का काम किया है। उन्होंने ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से सरकार ने युवा नीति को गति दी है। युवा शक्ति तेजी से आगे बढ़ रही है।

### प्रेम सागर हृदय रोग चिकित्सालय का लोकार्पण



गुरुग्राम। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने कहा कि नैतिकता, पारदर्शिता और जनकल्याण को सर्वोपरि रखते हुए राज्य के स्वास्थ्य लक्ष्यों में सहभागी बनने वाली सभी जिम्मेदार संस्थाओं का हरियाणा में स्वागत है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के मजबूत ढांचे के साथ-साथ निजी क्षेत्र की जांच एवं चिकित्सा सेवाओं की भूमिका भी नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर सेक्टर 12ए स्थित भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप न्यास गुरुग्राम द्वारा संचालित 'विवेकानंद आरोग्य केंद्र' में प्रेम सागर हृदय रोग चिकित्सालय के लोकार्पण समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में स्वामी विवेकानन्द जी की 163वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए प्रदेशवासियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी।

## किसान हितैषी होगा बजट, धन की कमी नहीं आने देंगे : राणा



■ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी कल्याणकारी योजना के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, बशर्ते कि उपलब्ध बजट का सही, पारदर्शी और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचना चाहिए।

श्याम सिंह राणा चंडीगढ़ में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं के अंतर्गत पिछले वर्ष आवंटित बजट के उपयोग, वर्तमान वित्तीय स्थिति तथा आगामी वर्ष में संभावित खर्चों को लेकर विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक के दौरान राणा ने कहा मेरा पानी मेरी विरासत योजना की प्रगति की समीक्षा की और जल संरक्षण को प्रदेश की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि धान जैसी अधिक पानी लेने वाली फसलों के विकल्पों को प्रोत्साहित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों के प्रति जागरूक किया जाए।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत**

**मु.न. 7 दिनांक 08.01.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - बबीता।
**पति का नाम** - पवन।
**पता** - वासी गाँव भैसवान खुर्द जिला सोनीपत।
**उम्र** - 37 वर्ष
**कद** - 5 फुट।
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, गोल नाक, पतला शरीर, दाहीने हाथ की कलाई पर पवन गुदा हुआ हैं।
**पहनावा** - हरे रंग का सूट व हरे रंग की सलवार, पैरो में जुते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 03.01.2026 को बबीता पत्नी पवन वासी गाँव भैसवान खुर्द जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कही चली गई हैं। अब तक वापिस नही आई है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना 7419410546**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0. - 9813833302**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4339/2026/41953/88/6 दि. 12.01.26


## प्रदेश में गैंगस्टर, चोर और हत्यारे खुलेआम वारदात कर रहे : ढांडा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



■ आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने हिसार में बैंक में डकैती और करनाल में बुजुर्ग दंपति की हत्या पर चिंता जताई

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि करनाल और हिसार की ताजा आपराधिक घटनाएं प्रदेश में ध्वस्त हो चुकी कानून-व्यवस्था की भयावह तस्वीर पेश करती हैं। हिसार के नंगथला गांव में बैंक की पीछे की दीवार तोड़कर 28 लाख रुपये की डकैती और असंध में बुजुर्ग दंपती की निर्मम हत्या यह साबित करती है कि अपराधी बेखौफ हैं और आम नागरिक पूरी तरह असुरक्षित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शेर-ओ-शायरी और सोशल मीडिया प्रचार में व्यस्त हैं, जबकि हरियाणा में गैंगस्टर, चोर और हत्यारे खुलेआम वारदात कर रहे हैं। व्यापारी एक्सटॉर्शन के डर से सहमे हुए हैं, महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और गांव से लेकर शहर तक खौफ का माहौल बना हुआ है। अनुराग ढांडा ने कहा कि सरकार खुद मान चुकी है कि प्रदेश में दर्जनों संगठित गैंग सक्रिय हैं, फिर भी न तो अपराध रुक रहा है और न ही अपराधियों पर कोई ठोस कार्रवाई होती दिखाई दे रही है। विदेशों में बैठे गैंगस्टर फोन पर लोगों को धमकी देकर खुलेआम रंगदारी मांग रहे है।

### 112 सुरक्षा सेवाओं में नया कीर्तिमान, 9 मिनट 33 सेकंड में पहुंची सहायता

■ दिसंबर 2025 तक 2.75 करोड़ कॉल्स पर कार्रवाई : डीजीपी

**चंडीगढ़।** प्रदेश की आपातकालीन सेवा हरियाणा 112 ईआरएसएस ने वर्ष 2025 में राज्य में सुरक्षा और राहत सेवाओं की दिशा में एक मील का पत्थर स्थापित किया है। 12 जुलाई 2021 को लॉन्च किए गए इस एकीकृत हेल्पलाइन प्लेटफॉर्म ने चार वर्षों में अपनी पहुंच और विश्वसनीयता दोनों में अत्यधिक वृद्धि की है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 31 दिसंबर 2025 तक इस प्रणाली पर 2.75 करोड़ से अधिक कॉल दर्ज हुई। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने बताया कि पिछले चार वर्षों में 112 ने 2.75 करोड़ से अधिक कॉलों को संभालते हुए जनता का विश्वास जीता है और औसत रेस्पॉन्स टाइम को 16 मिनट 14 सेकंड से घटाकर 9 मिनट 33 सेकंड तक लाना पुलिस, स्वास्थ्य और फायर सेवाओं के बेहतर समन्वय का सशक्त प्रमाण है।

### अनुबंधित शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी की मांग को सदन में उठाएंगे



**चंडीगढ़/रोहतक।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) प्रतिनिधिमंडल ने रोहतक में नेता प्रतिपक्ष एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात कर राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में कार्यरत पात्र अनुबंधित शिक्षकों की लंबित जॉब सिक्योरिटी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। हुड्डा ने कहा कि उन्होंने स्वयं वर्ष 2024 के शीतकालीन विधानसभा सत्र में यह मुद्दा उठाया था और अन्य सत्रों में उनके विधायकों द्वारा भी उठाया जा रहा है और उन्हें भी उम्मीद थी कि सरकार वर्ष 2025 के शीतकालीन सत्र में सेवा-सुरक्षा विधेयक लाकर विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करेगी।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 299 दिनांक 28.08.2024 धारा 126 (6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक।**



**गुमशुदा पर ईनाम की घोषणा बारे-**
नाम - अंकित
पिता/पति - श्री जयभगवान
पता - निवासी गांव गांधरा जिला रोहतक
उम्र - 25 वर्ष
कद - 5 फुट 7 ईंच।
हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा, बांय पैर की पिंडी पर ओपरेशन का निशान।
दिनांक 14.07.2024 को अंकित पुत्र श्री जयभगवान निवासी गांव गांधरा जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को 5000/-रुपये ईनाम भी दिया जाएगा।
1. इंचार्ज मानव तस्करी निरोधक शाखा रोहतक - 7900060001
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता मानव तस्करी निरोधक शाखा रोहतक -8582000015

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 8 दिनांक 10-01-2026 धारा 140 (3) BNS 2023 थाना IMT रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे**
नाम - शीतल
पिता/पति - श्रीभगवान
पता - निवासी गांव बखेता जिला रोहतक
उम्र- 17.5 वर्ष।
कद- 5 फुट।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बा चेहरा।
पहनावा - लाल रंग का सूट सलवार व पैरो में फैंसी चप्पल पहने हुए।
दिनांक 09.01.2026 को शीतल पुत्री श्रीभगवान निवासी गांव बखेता जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबंधक थाना IMT रोहतक 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना IMT रोहतक-7015053696

पीआरडीएच-1084/11/4342/2026/41961/88/6 दि. 12.01.26


## धर्मनगरी में पार्टी के संगठन को मजबूत करने का मंत्र देंगे राहुल

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार कई राज्यों की तर्ज पर हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों तो ज्यादा मजबूत बनाने के लिए खास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सूबे के कुरुक्षेत्र की धरती से होने जा रहा है। अहम बात यहां पर यह है कि दस दिनों तक चलने वाले शिविर में दो दिनों के लिए नेता विपक्ष और वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी आकर खुद जिला अध्यक्षों को खास मंत्र देंगे। राहुल गांधी के आगमन के मौके पर कार्यक्रम में किसी भी तरह की कोई कमी पेशी नहीं रह जाए, इसके लिए कांग्रेस के सियासी दिग्गज रात दिन लगे हुए हैं। वैसे, तो हरियाणा और हरियाणा दो राज्यों के जिला अध्यक्षों को यहां पर कांग्रेस संगठन सृजन टीम द्वारा बुलाया गया है। इस तरह के आयोजन एआईसीसी की ओर से किए जाते हैं। गुजरात, एमपी सहित कई राज्यों में इस तरह की पहल पहले हो चुकी है। इस खास प्रशिक्षण के लिए कास टीम भी दिल्ली हाईकमान द्वारा भेजी जाती है ताकि खास तैयारी व टिप्स दिए जा सकें।

### 13 से कुरुक्षेत्र में शुरू होगा पार्टी का शिविर

राहुल गांधी का एक से दो दिनों का शिविर में आने का कार्यक्रम है। अहम बात यह है कि इसको लेकर फिलहाल, तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। सुरक्षा कारणों से लेकर कांग्रेस की सियासी रणनीति भी इसके पीछे कारण बताई जा रही है। तारीख को लेकर कांग्रेस के सियासी दिग्गजों ने कहा कि समय आने पर बता देंगे। वैसे, शिविर की शुरुआत 13 से हो जाएगी। दूसरी तरफ यह भी संकेत दिए जा रहे हैं कि राहुल गांधी शिविर में बिना पूर्व सूचना अचानक भी आ सकते हैं, बहरहाल, इसके चांस बहुत ही कम हैं। जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को कांग्रेस की संगठन सृजन टीम संचालित करेगी जिसका नेतृत्व सचिन राव कर रहे हैं। एआईसीसी की पूरी टीम कुरुक्षेत्र हरियाणा पहुंच गई है। टीम प्रशिक्षण सत्र, फील्ड विजिट और संवाद कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर चुकी है।


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनीमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com**

**केन्द्र पर हाईटैक नर्सरी (HTGH) को रिपेयर करवाने के लिए लेबर हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर हाईटेक नर्सरी (HTGH) को रिपेयर करवाने हेतु लेबर / कारीगर की आवश्यकता है। कार्य का विवरण निम्नलिखित है:-

Hi-tech Nursery (2016 sqm)

| Sn. | Name of work | Qty./Area | Unit Rate |
|---|---|---|---|
| 1 | Replacement of Aluminate shade net (Thermal net) | 1500 sqm | /sqm |
| 2 | Replacement of cooling pad | 475.2 sqft | /sqft |
| 3 | Replacement of motor belt in co-axial fan | 2 Pcs. | /pcs. |
| 4 | Replacement of poly sheet | 231 sqm | /sqm |
| 5 | Repairing of boom irrigation system | 4 set of boomers | /boomer |
| 6 | Repairing of heater | 10 nos. | /heater |
| 7 | Installing of circulatory fans | 12 pcs. | /pcs. |
| 8 | Repairing of gutter leakage with silicon | 2000 sqm | /sqm |
| 9 | Washing of HTGH | 2000 sqm | /sqm |
| 10 | Replacement of Profile | 10 Pcs. | /Pcs. |
| 11 | Replacement of self-screw | 100 Pcs | /Pcs. |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 19.01.2026 सांय 5 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105 पर भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते हैं तथा किसी भी कार्यदिवस में उपरोक्त कार्य के संबंध में केन्द्र का निरीक्षण कर सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1021/2026/41963/88/6 दि. 12.01.26


## रविदास जयंती पर होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती पूरे श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाएगी। उन्होंने बताया कि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र जिले उमरी में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार स्वयं करेंगे। समारोह के भव्य आयोजन के प्रबंध के लिए ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहाकार सुदेश कटारिया उनके साथ विशेष सहयोग करेंगे।

### कुरुक्षेत्र के उमरी में होगा आयोजन

कृष्ण लाल पंवार सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों, विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ-साथ प्रदेशभर के सामाजिक, धार्मिक संगठनों और आम नागरिकों को भी इस समारोह में भाग लेने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा, ताकि गुरु रविदास जी के विचारों और संदेशों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाया जा सके।



संत शिरोमणि गुरु रविदास जी सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के महान संत थे। उन्होंने अपने उपदेशों और वाणी के माध्यम से समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत और जातिगत असमानता के विरुद्ध सशक्त आवाज उठाई।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव अटेली खण्ड बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में ड्रेन्स और दूषित पानी की ट्रीटमेंट प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) का निर्माण + 4 कार्य। | 07.01.2026 15.01.2026 | 1,62,60,475/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 2 | सिंचाई रोहतक | गांव सिमली, ब्लॉक रोहतक, जिला रोहतक में 'छोटा बाबा तालाब' का ग्रामीण तालाब रिस्टोरेशन + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.01.2026 | 3,27,71,283/- | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | गंजारूपाना :- 1 अदद सम्प वैल साइज 10.00×7.00 मी. का निर्माण, लोहे के दरवाजे सहित चारदिवारी हैडवर्क पाइप लाइन का बिछाना, सीसी रोड और पथ का निर्माण 300 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप लाइन का बिछाना, एक अदद पम्प चेम्बर साइज 3.05×3.66 मी., पेंटिंग एवं डिस्टेम्परिंग, पम्प सैट मशीनरी का प्रावधान व बिछाना, डी.आई. राइजिंग मेन को बिछाना, वितरण पाइप लाइन को बदलना और टैप कनेक्शन को रिस्टोर्ड करना, जलघर की चारदिवारी की मरम्मत और अन्य इससे सम्बन्धित कार्य गांव गंजारूपाना हेतु। | 09.01.2026 27.01.2026 | 1,38,64,346/- | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 4 | लोनिवि भ व प शाखा करनाल | जिला सोनीपत के सिविल हस्पताल के परिसर में सीएमओ कार्यालय का निर्माण (केवल ईएलवी सेवाओं का प्रावधान)। | 10.01.2026 19.01.2026 | 1,27,68,026/- | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प शाखा करनाल | जिला पानीपत के सिविल हस्पताल में महिला एवं बाल ब्लॉक का निर्माण (केवल लिफ्टों हेतु आपातकालीन सेवाओं से बचाव का प्रावधान) + 4 कार्य। | 10.01.2026 17.01.2026 | 1,25,61,830/- | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प शाखा हिसार | प्रांतीय मंडल लोनिवि बांदर शाखा जिला चरखी दादरी में चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा दादरी-बोंद रोड (एसएच-34) (पुराना एमडीआर 124) (रोड आईडी 2324) में 24.78 कि.मी. (डीफोर स्टेशन और यूटिलिटी शिफ्टिंग) (सीआरआईएफ योजनाओं के तहत) (33 केवी एचटी/एलटी लाइन केवल की शिफ्टिंग का प्रावधान)। | 07.01.2026 14.01.2026 | 2,43,27,206/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/140/41969/1/88/6 दि. 12.01.26

## कृष्ण की इच्छा के बिना तिनका भी नहीं हिलता।

श्री चैतन्य चरितामृत – अंत्य-लीला



### भावपूर्ण स्मृति में

# अग्निवेश अग्रवाल

(3 जून 1976, पटना - 7 जनवरी 2026, न्यूयॉर्क)

अग्निवेश एक पावन आत्मा थे, जिन्हें **राधे-कृष्ण** ने **गोलोक वृंदावन धाम** में सेवा के लिए बुला लिया। वह निडर और साहसी थे, संगीत और खेल उन्हें बेहद प्रिय थे। वह प्रतिभाशाली व्यवसायी थे, और सबसे बढ़कर एक प्यारे बेटे, भाई और मित्र थे। वह हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।

"अग्निवेश, हम सारे वादे पूरे करेंगे।"

**आइए, हम एक साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें :**

**दिनांक :** बुधवार, 14 जनवरी, 2026 | **समय :** शाम 5-7 बजे

**स्थान :** वाईबी चव्हाण सभागार, नरीमन पॉइंट, मुंबई

ऑनलाइन जुड़ें :

**प्रार्थना में :**

**अनिल एवं किरन अग्रवाल, प्रिया एवं आकर्ष हेब्बार, माही**

प्रवीण एवं ज्योति, नवीन एवं रुचिरा, सुमन एवं विमल,

प्रतीक एवं सोनाक्षी, अंकित एवं श्वेता, नैवेद्य एवं अनन्या, अनन्य एवं नितिका, विराज, साक्षी एवं वरुण,

सभी गुप्ता परिवारजन,

**उनके सभी मित्र और सहयोगी**

एवं संपूर्ण वेदांता परिवार।

vedanta
transforming for good

**खबर संक्षेप**

## 28 बंडल अवैध चाइनीज मांझा बरामद, केस दर्ज

**कालांवाली।** कई बार जानलेवा साबित हो चुके चाइनीज मांझे पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार शहर सीमा व हरियाणा-पंजाब सीमा पर छापेमारी कर रहा है। इसी कड़ी में कालांवाली पुलिस ने एक दुकानदार से 28 बंडल चाइनीज मांझा पकड़ा है। कालांवाली शहर थाना पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जलघर रोड पर सरेआम चाइनीज मांझे की बिक्री की जा रही है। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करने पर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर हथियारों सहित फोटो अपलोड कर दहशत फैलाने वाले युवक को फतेहाबाद पुलिस ने काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रीतपाल पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी ढाणी माजरा, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि आरोपी प्रीतपाल ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर अवैध हथियारों के फोटो 2020 से 25 के बीच पोस्ट कर भय का माहौल पैदा किया है। आरोपी के खिलाफ 19 नवंबर 2025 को केस दर्ज किया गया था।

## रिमांड के बाद गैंगस्टर अमन को भेजा जेल

**गोहाना।** फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने के मामले में गैंगस्टर अमन भैंसवाल को सीआईए गोहाना की पुलिस ने चार दिन का रिमांड पूरा होने के बाद न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। दिसंबर 2024 में एसटीएफ ने विदेश भागने के लिए गैंगस्टरों के फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया था। तब सदर थाना गोहाना पुलिस को अमन की दिल्ली के फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने की सूचना दी थी। अमेरिका से डिपोर्ट होने के बाद उसे सीआईए गोहाना ने चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। बरोदा थाना की पुलिस उसे गांव घड़वाल में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर लेकर भी पूछताछ करेगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### हिसार के नंगथला में ग्रामीण बैंक को चोरों ने बनाया निशाना

# बैंक की दीवार तोड़कर चोरों ने तिजोरी से उड़ाए 27.92 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव नंगथला में अज्ञात चोर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में सेंध लगाकर व तिजोरी काटकर लगभग 28 लाख रुपये ले उड़े। चोरों ने बैंक की पीछे की दीवार काटकर रास्ता बनाया और स्ट्रॉन्ग रूम में रखी तिजोरी तक पहुंचकर कटर से उसे काटकर उसमें से 27 लाख 92 हजार रुपये निकाल लिए। चोरों ने बैंक के सीसीटीवी को भी नुकसान पहुंचाया, लेकिन एक सीसीटीवी में एक बदमाश कैद हो गया। देखने पर सामने आया कि उसने नकाब पहना हुआ है और टोपी लगाई हुई है।

बैंकों की शनिवार व रविवार दो दिन की छुटी के बाद जब अधिकारी व कर्मचारी सोमवार सुबह पहुंचे तो चोरी का पता चला। इसके बाद अग्रोहा पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सूचना पाकर अग्रोहा डीएसपी किशोरी लाल मौके पर पहुंचे और सिरसा की डॉग स्क्वायड टीम को मौके पर बुलाया। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 12 बजे के बाद चोर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की नंगथला शाखा में दीवार काटकर घुसे। सीसीटीवी में एक बदमाश बैंक के अंदर घुसता नजर भी आ रहा है, जिसने मुंह पर नकाब और सिर पर टोपी लगाई हुई है। पुलिस का कहना है कि इसमें एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पांच से छह आदमियों का हाथ हो सकता है। डीएसपी किशोरी लाल के अनुसार सीसीटीवी व अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।



हिसार। चोरों द्वारा कटर से काटी गई बैंक की तिजोरी।

- रविवार रात 12 बजे के बाद बैंक में घुसे चोर, एक सीसीटीवी में हुआ कैद
- 5 से 6 घंटे पूरी तसल्ली के साथ चोरों ने वारदात को दिया अंजाम
- कटर चलाने के लिए बैटरी भी साथ लाए थे चोर, तिजोरी को काटकर नकदी निकाली

### साथ लगते घर वालों को नहीं सुनाई दी आवाज

पड़ोसियों ने बताया कि रविवार रात को धुंध बहुत ज्यादा थी। कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। वे कमरे बंद कर सो रहे थे। बैंक में दीवार कैसे तोड़ी, इसके बारे में नहीं पता और न ही रात में उन्हें कुछ सुनाई दिया। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि 2014 में यह बैंक गांव के मेन रोड पर था। इसके बाद इसमें दो बार चोरी का प्रयास हुआ। फिर इस बैंक को गांव के अंदर की तरफ शिफ्ट कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी से पता चला है कि बैंक के स्ट्रॉन्ग रूम तक पहुंचने में चोरों को 5 से 6 घंटे लगे हैं। चोर कटर चलाने के लिए बैटरियां भी अपने साथ लेकर आए थे।

### 50 हजार की गड्डी छोड़ गए चोर

पाबड़ा निवासी बैंक मैंनेजर अंकित कुंडू ने बताया कि चोर वारदात के बाद 50 हजार की गड्डी वहीं मौके पर ही छोड़ गए। शायद उनके हाथ इस तक नहीं पहुंच पाए। तिजोरी में 28 लाख से ज्यादा रुपये थे। वे 27 लाख 92 हजार निकालकर ले गए हैं। तिजोरी में 500, 200 और 100 के नोटों की गड्डियां रखी हुई थीं, जिन्हें चोर ले गए।

# धुंध में बेकाबू कार जोहड़ में गिरी, चालक की मौत

### कोहरे की वजह से रात को रोकना पड़ा रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

इंद्री के गांव धुमसी में टी- प्वाइंट के पास घने कोहरे के बीच देर रात एक कार अनियंत्रित होकर जोहड़ में गिर गई। हादसे के समय कार में कार चालक ही सवार था, जिसकी डूबने से मौत हो गई ।

घटना का पता चलते ही काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना इंद्री पुलिस को दी। सूचना मिलते ही इंद्री पुलिस मौके पर पहुंची और मधुबन से एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर जोहड़ में रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन घना कोहरा व ठंड होने के कारण रात को रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा। सुबह के समय फिर से जोहड़ में टीम द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया गया और हाइड्रा मशीन की मदद से कार को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक कार चालक की मौत हो चुकी थी। कार चालक की पहचान गांव गढ़ी साधान निवासी करीब 32 वर्षीय अनिल कुमार के रूप में हुई है। वह कार इलेक्ट्रिशियन का काम करता था।



इंद्री। जोहड़ से निकाली गई कार।

### चलती कार में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर हनुमान मंदिर के सामने देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां अचानक एक फोर्ड इको स्पोर्ट कार में आग लग गई। गनीमत रही कि कार चला रहे युवक ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नही हुआ है, शुरुआती तौर पर इंजन में शॉर्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है। अरावली विहार निवासी दिनेश ने बताया कि अचानक कार के बोनट के अंदर से चिंगारी निकलती दिखाई दी। उन्होंने तुरंत कार रोककर बोनट खोला, लेकिन तभी इंजन में आग भड़क उठी। कुछ ही पलों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया।

## खाली प्लाट में अफीम की अवैध खेती करने पर 20 साल की कैद

**पानीपत।** एडिशनल सेशन जज योगेश चौधरी की अदालत ने पानीपत के गांव बबैल में खाली प्लाट में अफीम की खेती करने के आरोपी सत्यवान पुत्र चंद्र निवासी गांव लुलेहेडी जिला सोनीपत को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं जज चौधरी की अदालत ने सत्यवान पर दो लाख रुपये जुर्माना किया है। जुर्माना नहीं देने पर सत्यवान को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। सत्यवान पर थाना सदर पुलिस ने 13 मार्च 2019 को 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने सत्यवान से अफीम के 152 पौधे बरामद किए थे।

**मादक पदार्थ तस्कर को 20 साल की कैद :** एडिशनल सेशन जज योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ के तस्कर सुखचैन पुत्र धनपत निवासी राजस्थान कॉलोनी समालखा, जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं जज चौधरी की अदालत ने एक लाख रुपये का जुर्माना किया है। सुखचैन पर थाना समालखा पुलिस ने 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत 5 फरवरी 2020 को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 21 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया था।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी 'तांत्रिक' एयरपोर्ट से पकड़ा

- दो लोगों को अमेरिका भेजने के नाम पर लिए थे 30 लाख
- दुबई, इस्तांबुल और अजरबैजान में घुमाते रहे, लेकिन अमेरिका नहीं भेज पाए और न ही पैसे वापस किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने एक कथित तांत्रिक को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश से वापस लौटा था। पुलिस ने उसे एयरपोर्ट से ही काबू कर लिया।

आरोपी की पहचान साहब सिंह पुत्र लाभ सिंह, निवासी रामथली, जिला कैथल के रूप में हुई है। सोमवार को थाना भूना प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस ने अरशदीप सिंह निवासी गांव मोहम्मदपुर सौत्र, तहसील रतिया, जिला फतेहाबाद की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि जगजीत सिंह व साहब सिंह सहित अन्य व्यक्तियों ने उसे और उसके रिश्तेदार को अमेरिका भेजने का झांसा देकर 15-15 लाख रुपये नकद ठग लिए। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने खुद को विदेश भेजने का एजेंट बताते हुए पीड़ितों को पहले दुबई, फिर इस्तांबुल और वहां से अजरबैजान जैसे देशों में भेजा, लेकिन न तो अमेरिका भेजा गया और न ही ली गई राशि वापस की गई। बाद में धमकियां भी दी गईं। आरोप लगाया गया था कि आरोपी तंत्र मंत्र का काम करता है और लोगों को धार्मिक डेरे की आड़ में अपने जाल में फंसाकर ठगी करता है। थाना भूना में 8 मई 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा पहले एक आरोपी जगजीत सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### कैथल के युवक की 28 दिसंबर को सड़क हादसे में गई थी जान

# चंदे व कर्ज से 40 लाख जुटाकर 15 दिन बाद अमेरिका से लाए टिंकू का शव

- दो साल पहले 50 लाख रुपये खर्च कर डंकी रूट से गया था, ट्रक चलाकर कर रहा था गुजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

अमेरिका में एक सड़क हादसे का शिकार हुए गांव शेरगढ़ निवासी 27 वर्षीय टिंकू मेहला का शव 15 दिन बाद सोमवार दोपहर को गांव पहुंचा। शाम के समय गांव के ही श्मशान में टिंकू का अंतिम संस्कार किया गया। उसके शव को भारत लाने के लिए 40 लाख रुपये का खर्च आया। इसमें से 20 लाख रुपये अमेरिका में रह रहे टिंकू के दोस्तों ने इकट्ठा किए और 20 लाख रुपये परिवार ने कर्ज आदि लेकर जुटाए। टिंकू के परिवार ने आधा एकड़ जमीन बेचकर 2024 में 2 साल पहले ही 50 लाख रुपये खर्च कर डंकी रूट से उसे अमेरिका भेजा था। इसके बाद वह वहां पर ट्रक चलाता था। टिंकू के माता-पिता की 20 साल पहले ही बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार में उसके सहित बड़ा भाई और दो बड़ी बहनें ही बची हैं। दो बड़ी बहनों की पहले ही शादी हो गई थी। टिंकू की मौत के बाद अब परिवार पर दुखों का पहड़ा टूट गया है। अब उसके परिवार में उसका बड़ा भाई, भाभी व भतीजा ही बचा है, जबकि परिवार के पास भी केवल आधा एकड़ जमीन ही बची है।



### सरकार से आर्थिक मदद की गुहार

टिंकू के चाचा ओमप्रकाश ने बताया कि टिंकू का शव लाने में अमेरिका में रह रहे गांव के ही युवकों ने आर्थिक मदद की है। शव भारत लाने में करीब 40 लाख रुपये का खर्च आया। इसमें गांव के युवाओं ने 20 लाख रुपये इकट्ठा करके दिए और 20 लाख परिवार ने कर्ज आदि से जुटाए। उसका शव लाने में सरकार की तरफ कोई भी आर्थिक सहायता नहीं मिली। ओमप्रकाश ने बताया कि टिंकू न्यू मैक्सिको में 28 दिसंबर को एक सड़क हादसे का शिकार हुआ, जबकि वह कैलिफॉर्निया में रहता था। अलग स्टेट होने के कारण टिंकू के शव को न्यू मैक्सिको से कैलिफॉर्निया लाने तक 15 लाख रुपये खर्च हुए, जबकि वहां से शव भारत लाने में करीब 25 लाख रुपये खर्च करने पड़े। सरकार परिवार के दुख को देखते हुए आर्थिक सहायता करे।

## पुलिस कस्टडी से आरोपी फरार, 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**पंचकूला।** नागरिक अस्पताल में पुलिस कस्टडी से चोरी का एक आरोपी फरार हो गया। आरोपी को मेडिकल करवाने के लिए अस्पताल लेकर आए थे। ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर पीएसआई सहित 2 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, पंचकूला सेक्टर-14 थाने के पीएसआई अनिल चोरी के आरोपी को पेश करने के लिए कोर्ट लेकर जाना था। पेशी से पहले उसका मेडिकल करवाने के लिए नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टर की पर्ची कटवाने में व्यस्त हुए तो आरोपी वहां से खिसक गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर आनंद, पुत्रः श्याम आनंद, निवासीः मकान नंबर—129, छत्ता, मॉडल टाउन, महावीर कॉलोनी, रामजी कॉलोनी के पास, यमुना नगर, हरियाणा** ने **FIR No.: 274/2020, U/s: 498A/406/506/34 IPC, पुलिस थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सागर आनंद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सागर आनंद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **सागर आनंद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.03.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
जेएमएफसी (महिला कोर्ट—01),
उत्तर पश्चिम, कमरा नंबर 106, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/355/RD/2026

# प्रो. महासिंह पूनिया को कोलंबो में मिला भारत-श्रीलंका हिंदी गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कोलंबो में आयोजित द्वितीय भारत-श्रीलंका हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कृति एवं हिंदी साहित्य में योगदान के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया को भारत-श्रीलंका हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी द्वारा प्रो. महासिंह पूनिया को द्वितीय भारत-श्रीलंका हिंदी सम्मेलन में विशिष्ट वक्ता के रूप में कोलंबो में आमंत्रित किया गया था। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित दूसरे हिंदी सम्मेलन की अध्यक्षता कोलंबो में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने की। इस अवसर पर श्रीलंका फाउंडेशन के अध्यक्ष सीता भंडारण, डिप्टी उच्चायोग सत्य अर्जुन पांडे सहित श्रीलंका के अनेक विश्वविद्यालयों के साहित्यकार एवं संस्कृति कर्मी उपस्थित थे। पूर्व में प्रो. महासिंह पूनिया कई देशों की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक यात्राएं भी कर चुके हैं। 15 साल तक पत्रकारिता का अनुभव रखने वाले प्रो. पूनिया के हरियाणवी संस्कृति पर एक हजार से अधिक आलेख प्रकाशित हैं। लोक साहित्य एवं संस्कृति पर प्रो. पूनिया की 15 से अधिक पुस्तकें तथा 60 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इस अवसर पर मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. कल्पना पूनिया को भी भारत-श्रीलंका हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।



## साइबर ठगों को किराए पर खाता देने के दो आरोपी पंजाब से काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 70 हजार की ठगी करने के मामले में खाताधारक व खाता उपलब्ध करवाने वाले दो आरोपियों को पंजाब के मोगा से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जवाहर कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों ने उससे संपर्क कर पहले होटलों को रेटिंग देकर पैसे कमाने का झांसा दिया। बाद में ठगों ने उसे शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उसने ठगों द्वारा खुलवाए गए ट्रेडिंग खाते में अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 70 हजार रुपये का निवेश किया। जब उसने अपनी राशि निकालने की कोशिश की तो उसका खाता फ्रिज कर दिया गया। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। थाना एनआईटी की टीम ने पंजाब के मोगा से अमनदीप सिंह तथा बलविंदर सिंह निवासी गांव तखनावड़ को गिरफ्तार किया है। अमनदीप ने अपना बैंक खाता दोस्त बलविंदर को उपलब्ध करवाया था, जिसने उक्त खाता आगे ठगों को दे दिया। इस खाते में ठगी के 15 हजार रुपये आये थे। दोनों को अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | ढाणी ठाकरान में दाताराम से जोहर ढाणी जिंदरा (रास्ता नं. 109) और चारदिवारी तथा बाल शमशान घाट में सड़क और टीन शैड तथा आईपीबी टाइल वर्क शमशान घाट ढाणी ठाकरान में वार्ड नं. 7 में का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 54,17,763/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 secy-Nangal03@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41946/I/88/6 दि. 12.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ को नगर परिषद महेन्द्रगढ़ में पदोन्नत करने के लिए एजेंसी की नियुक्ति। | बंद होने की तिथि 14.01.2026 | 47.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secy_mgarh@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | एम.सी. महेन्द्रगढ़ में आवारा पशुओं को पकड़ना। | बंद होने की तिथि 15.01.2026 | 3.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secy_mgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/41945/I/88/6 दि. 12.01.26

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6107




**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका–4
5.रपटना –4
9.डोली उठानेवाले–3
10.पुत्र,लड़का–3
12.अधिकार–2
14.नवीन,नया–2
15.एक विदेशी शराब–2
16.कला,हुनर–2
17.मां का प्यार–3
19.दम,बल,जोर–3
21.पपीहा,पपीहरा–3
22.करामात,कारनामा–4
24.शमशीर,कृपाण–4
25.तरंगित,लहरीय–5
26.बोरिया-बिस्तर–4
29.साले की पत्नी–4
33.प्रयास,यत्न–3
34.सहायता,सहयोग–3
36.लीन,तल्लीन–3
37.गहन वन,बुनाई कर्म–2
38.टुकड़ा,कण–2
39.मैं का बहुवचन–2
41.भीगा हुआ–2
42.अंधकार,अंधेरा–3
43.द्रव मापने की इकाई–3
45.प्राचीर,स्तंभ–4
46.बादला,जरबाफ–4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार–2
3.जगत,दुनिया–3
4. सुनसान शांति,–4
5.आदत–4
6.साजन, बालम–3
7.क्रमबद्धता–2
8.मूर्ख,बेवकूफ–4
11.बुनाई करने वाला–4
13.कटि,मध्यांग–3
16.धार्मिक आज्ञा–3
18.पितामह–2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण –5
21.चलने का ढ़ंग–2
23.पिया,साजन–3
24.दया,रहम–3
26.बेमिसाल, अनूठा–4
27.स्वदेश,मातृभूमि–3
28.जनता,आम लोग –2
30.मैं का बहुवचन–2
31.अभिरुचि,तल्लीनता–3
32.जनता की राय–4
34.उपाधि,पदवी–4
35.देहरी,चौखट–4
38.कक्ष,रूम–3
40.बटाणा,काबुली–3
42.स्तर,परत–2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान–2

### शब्द पहेली- 6106 का हल





# मुंबई आऊंगा, मेरे पैर काटकर दिखाओ, मैं ऐसी धमकियों से नहीं डरता

एजेंसी ▶▶ चेन्नई/ मुंबई

अन्नमलाई ने कहा कि आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे मुझे धमकी देने वाले कौन होते हैं? मुझे किसान का बेटा होने पर गर्व है। उन्होंने सिर्फ मुझे गाली देने के लिए मीटिंग रखी है। मुझे नहीं पता कि मैं इतना महत्वपूर्ण हो गया हूं

भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने राज ठाकरे के रसमलाई वाले बयान पर पलटवार करते हुए मुंबई आने की चुनौती कबूल कर ली है। राज ठाकरे ने रविवार को एक जनसभा में उन्हें मुंबई में घुसने की चुनौती दी थी। राज ठाकरे ने अन्नामलाई को लुंगी पुंगी, रसमलाई बोलकर मजाक उड़ाते हुए मुंबई आने पर पैर काटने की धमकी दी थी। सोमवार को चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि मुंबई आऊंगा, मेरे पैर काटकर दिखाओ। मैं ऐसे धमकियों से नहीं डरता।

**मुंबई एक विश्वस्तरीय शहर का मतलब महाराष्ट्र के लोगों ने इसे बनाया**



राज ठाकरे और भाजपा नेता के. अन्नामलाई

## किसान का बेटा होने पर गर्व

अन्नामलाई ने कहा कि कुछ लोगों ने कहा है कि अगर मैं मुंबई आया तो वे मेरे पैर काट देंगे। मैं मुंबई आऊंगा। मेरे पैर काटकर दिखाओ। अगर मैं ऐसी धमकियों से डरता, तो अपने गांव में ही रहता। उन्होंने कहा कि आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे मुझे धमकी देने वाले कौन होते हैं? मुझे किसान का बेटा होने पर गर्व है। उन्होंने सिर्फ मुझे गाली देने के लिए मीटिंग रखी हैं। मुझे नहीं पता कि मैं इतना महत्वपूर्ण हो गया हूं।

## ये लोग नासमझ

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अगर मैं कहता हूं कि कामराज भारत के सबसे महान नेताओं में से एक हैं, तो क्या इसका मतलब है कि वह अब तमिल नहीं रहे? अगर मैं कहता हूं कि मुंबई एक विश्वस्तरीय शहर है, तो क्या इसका मतलब है कि इसे महाराष्ट्र के लोगों ने नहीं बनाया? ये लोग बस नासमझ हैं।

## हटाओ लुंगी, बजाओ पुंगी: राज ठाकरे

रविवार को ठाकरे ने अन्नामलाई पर मुंबई को अंतरराष्ट्रीय शहर बताने पर निशाना साधा था। इस दौरान राज ठाकरे ने 1960 और 1970 के दशक के अपने चाचा बालसाहेब ठाकरे के नारे 'हटाओ लुंगी, बजाओ पुंगी' का भी जिक्र किया। राज ठाकरे ने कहा था कि एक रसमलाई तमिलनाडु से आई, तुम्हारा यहां से क्या लेना-देना है?

**लात मारकर बाहर निकाल देंगे**

रैली के दौरान, राज ठाकरे ने कहा कि अगर बिहार और यूपी के लोग हिंदी थोपने की कोशिश करेंगे तो वह उन्हें महाराष्ट्र से 'लात मारकर' बाहर निकाल देंगे। यूपी और बिहार के लोगों को समझना चाहिए कि हिंदी आपकी भाषा नहीं है।

# इस बार बजट संडे... 1 फरवरी रविवार को पेश होगा आम बजट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



संसदीय इतिहास में पहली बार रविवार के दिन केंद्रीय बजट पेश होगा। वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट इस बार रविवार को पेश किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार, 1 फरवरी को संसद में बजट पेश करेंगी।

आमतौर पर संसद की कार्यवाही सप्ताहांत पर नहीं होती है, ऐसे में रविवार के दिन बजट प्रस्तुत होना एक ऐतिहासिक क्षण होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए यह बजट व्यक्तिगत तौर पर भी एक बड़ी उपलब्धि होगा। यह उनका लगातार नौवां बजट होगा। इसके साथ ही, वह देश के पूर्व वित्त मंत्री मोरारजी देसाई की ओर से स्थापित सर्वाधिक बजट पेश करने के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच जाएंगी। पूर्व पीएम मोरारजी देसाई ने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कुल 10 बजट पेश किए थे, और निर्मला सीतारमण अब उस ऐतिहासिक आंकड़े से महज एक कदम दूर हैं। बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भारत के इतिहास का यह 80वां केंद्रीय बजट होगा।

### संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीर्ष कोर्ट ने जवाब-तलब किया

# एससी/एसटी रिजर्वेशन के लिए क्रीमी लेयर हो, सीजेआई ने भेजा केंद्र-राज्य को नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*दरअसल, एक पीआईएल में मांग उठाई गई है है कि एससी और एसटी आरक्षण में क्रीम-लेयर लाया जाए ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके*

समय की मांग के साथ आरक्षण में भी बदलाव जरूरी है। संविधान बनाने वाले हमारे पूर्वजों ने पिछड़ी जातियों के मुख्य धारा में लाने के लिए आरक्षण का प्रावधान लाया था। लेकिन, ये समाज की अंतिम कड़ी तक पहुंच नहीं पाया। समाज में कुछ खास लोग इसकी मलाई खाते रहते हैं और आरक्षण का फायदा लेते हैं। हालांकि, अब सुप्रीम कोर्ट के पास इसमें बदलाव के लिए मांग उठी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत के पास आरक्षण में बदलाव के लिए याचिका लगाई गई है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। दरअसल, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के भीतर 'क्रीमी लेयर' सिद्धांत को लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है।

**कोर्ट ने कहा-इस पर व्यापक चर्चा और सभी राज्यों की राय आवश्यक**



वकील अश्विनी उपाध्याय ने तर्क दिया कि आरक्षण का उद्देश्य उन लोगों को मुख्यधारा में लाना है जो सदियों से हाशिए पर रहे हैं न कि उन लोगों को और अधिक संपन्न बनाना जो पहले से ही समाज के शीर्ष पदों पर आसीन हैं

## क्या है याचिका की मुख्य मांग?

वकील अश्विनी उपाध्याय ने शीर्ष अदालत के सामने तर्क दिया कि अब समय आ गया है जब एससी/एसटी आरक्षण के लाभों का वितरण अधिक न्यायपूर्ण तरीके से किया जाए। याचिका में उनकी मांग कुछ इस प्रकार है

[1] **संवैधानिक पदों पर बैठे लोग**
यदि किसी एससी/एसटी परिवार का सदस्य पहले से ही किसी संवैधानिक पद या वरिष्ठ सरकारी पद (जैसे क्लास-1 अधिकारी) पर पहुंच चुका है, तो उनके बच्चों को आरक्षण के लाभ से वंचित किया जाना चाहिए।

[2] **समानता का सिद्धांत**
याचिकाकर्ता का कहना है कि संपन्न परिवारों के बच्चों को आरक्षण मिलना जारी रहने से उस वर्ग के सबसे पिछड़े और जरूरतमंद लोगों तक लाभ नहीं पहुंच पाता है।

### आरक्षण का मूल उद्देश्य प्रभावित हो रहा

सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान उपाध्याय ने दलील दी कि एससी/एसटी श्रेणियों के भीतर सामाजिक और आर्थिक रूप से उन्नत हो चुके परिवारों को निरंतर आरक्षण देना सकारात्मक कार्रवाई के मूल उद्देश्य को ही विफल कर देता है।

## शीर्ष कोर्ट ने कहा-ये घिनौना

# चलती ट्रेन में महिला की सीट पर जज ने कर दिया पेशाब

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश के उस सिविल जज के आचरण और कृत्य पर गंभीर नाराजगी जताई, जिन पर आरोप है कि चलती ट्रेन में उन्होंने शराब पी और हंगामा किया। इतना ही नहीं आरोपी जज ने महिला यात्री की सीट पर जाकर पेशाब भी किया। इन आरोपों पर शीर्ष अदालत ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि सिविल जज का कथित व्यवहार न सिर्फ घिनौना है बल्कि चौंकाने वाला है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जब आरोपी सिविल जज इंदौर से जबलपुर ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने बिना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को बताए छुट्टी ली और यात्रा के दौरान शराब पी। इसके बाद उन्होंने ट्रेन में हंगामा किया, यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से बदसलूकी की और टीटीई को उसके काम से रोका। सबसे गंभीर आरोप यह है कि उस जज ने एक महिला यात्री की सीट पर जाकर पेशाब किया और अश्लील हरकत की। आरोपों में यह भी कहा गया है कि उन्होंने अपनी पहचान पत्र (जज का आईडी कार्ड) का गलत इस्तेमाल कर यात्रियों को धमकाया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि इस तरह का व्यवहार किसी न्यायिक अधिकारी के लिए बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि हाई कोर्ट ने ऐसे गंभीर मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई में दखल क्यों दिया।

## एक्टर विजय से 6 घंटे हुई पूछताछ फिर सीबीआई के सामने होंगे पेश होंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** करूर भगदड़ मामले में साउथ के एक्टर थलापति विजय की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को इसी मामले में पूछताछ के लिए वह सुबह लगभग 11:30 बजे सीबीआई हेडक्वार्टर पहुंचे। 6 घंटे पूछताछ के बाद वह लगभग 06:15 बजे हेडक्वाटर से बाहर निकले। अधिकारियों के मुताबिक उन्हें पूछताछ के लिए फिर से बुलाया जाएगा। बता दें विजय से करूर भगदड़ मामले को लेकर पूछताछ की गई। मामला 27 सितंबर 2025 का है, जब तमिलनाडु के करूर में विजय की पार्टी टीवीके की एक जनसभा में भगदड़ के दौरान 41 लोगों की जान गई और 110 से अधिक लोग घायल हो गए थे। करूर भगदड़ मामले में विजय की पार्टी टीवीके के कई पदाधिकारियों से भी पूछताछ की है। सोमवार को पूछताछ के बाद एजेंसी इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने एक एआईटी बनाकर यह मामला अपने हाथ में लिया था। अभी जांच एजेंसी इस मामले में सबूत इकट्ठा कर रही है।

### चुनाव आयोग पर ममता के गंभीर आरोप

# कहा- 20 वर्षों के वैधानिक सुधार की अनदेखी कर रहा



चुनाव आयोग व सीएम ममता बेनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने चुनाव आयोग पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग अपने ही 20 वर्षों के वैधानिक सुधारों की अनदेखी कर रहा है, जिससे मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सीएम बेनर्जी ने को सोमवार को सीईसी को एक और पत्र लिखा है। यह उनका पांचवां पत्र है। इसमें उन्होंने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ियों पर चिंता जताई है। उन्होंने दावा किया कि 2002 की वोटर लिस्ट को डिजिटल बनाने के लिए एआई के इस्तेमाल से गंभीर गलतियां हुई हैं।

## ईडी की सुप्रीम कोर्ट से सीएम ममता के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टीएमसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के घर छापेमारी मामले में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इन पर रेड के दौरान हस्तक्षेप करने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया गया है। जांच एजेंसी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। ईडी ने आरोप लगाया कि छापामारी के दौरान सीएम, मुख्य सचिव, डीजीपी, कोलकाता पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे और ईडी के अधिकारियों को डराया। फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जबरन छीन लिए गए और तलाशी नहीं करने दी गई। ईडी का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। जब भी किसी जांच में सीएम या उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कोई अहम सबूत मिलने की संभावना होती है, तब उनकी सरकार और वरिष्ठ अधिकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में दखल देते हैं।

# शाह का दावा, केरल में शांति लेकिन मंडरा रहा खतरा

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि केरल में कानून-व्यवस्था की स्थिति फिलहाल शांत दिख सकती है, लेकिन कई खतरे धीरे-धीरे उभर रहे हैं जो भविष्य में खतरनाक रूप ले सकते हैं। उन्होंने एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाए और पूछा कि क्या वे वास्तव में लोगों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि जो लोग सहअस्तित्व में विश्वास नहीं रखते, वे एकता कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? मैं केरल के लोगों से पूछना चाहता हूं, क्या पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया), जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन और एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) जैसी राजनीतिक पार्टियां केरल को सुरक्षित रख सकती हैं? उन्होंने कहा कि केरल की सुरक्षा केवल 'पर्दे के पीछे काम कर रहे अदृश्य खतरों' की पहचान करके ही सुनिश्चित की जा सकती है। ऐसे संगठनों पर एक्शन की जरूरत है।



तिरुवनंतपुरम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## 'रेमिटेंस' आधारित अर्थव्यवस्था से विकास संभव नहीं

शाह ने कहा कि केवल 'रेमिटेंस' यानी विदेशों में काम करने वाले राज्य के नागरिकों द्वारा घर भेजी जाने वाली रकम के आधार पर केरल की अर्थव्यवस्था का पूर्ण विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि केरल को एक ऐसे आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है जो सभी नागरिकों का विकास सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि हम 'रेमिटेंस' का स्वागत करते हैं।

फाइल नं. : ए-11019/04/2016 (पीटी.V)-एनएमपीबी-III

**भारत सरकार**
**आयुष मंत्रालय**
**राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड**

**विषय: एनएमपीडी के क्षेत्रीय सह सुविधा केंद्र (उत्तरी क्षेत्र-1) के रूप में सरकारी विभाग/अनुसंधान संस्थानों/विश्वविद्यालयों आदि को शामिल करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति।**

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय देश के उत्तरी क्षेत्र में औषधीय पौधों के क्षेत्र के कार्यक्रमों और गतिविधियों के बेहतर कार्यान्वयन और विभिन्न हितधारकों के बीच सक्रिय समन्वय के लिए एनएमपीबी का क्षेत्रीय सह सुविधा केंद्र (उत्तरी क्षेत्र-1) स्थापित करना चाहता है।

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में औषधीय पौधों के क्षेत्र में गतिविधियों के समन्वय के लिए एनएमपीबी, आयुष मंत्रालय के क्षेत्रीय सह सुविधा केंद्र (उत्तरी क्षेत्र-1) के रूप में कार्य करने के लिए सरकारी विभागों/प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों/विश्वविद्यालयों आदि से बोलियां (दो अलग-अलग लिफाफों में तकनीकी और वित्तीय) आमंत्रित करता है।

अधिक जानकारी के लिए, एनएमपीबी की वेबसाइट www.nmpb.nic.in या आयुष मंत्रालय की वेबसाइट https://www.ayush.gov.in पर जाएं।

प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन के तीन सप्ताह के अंदर होगी।

CBC 17201/11/0018/2526

# दंगाइयों की जमानत से देश स्तब्ध आतंकियों का किया गया समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शन जैसी घटनाओं से पूरा देश स्तब्ध है, जहां दंगा आरोपियों की जमानत की मांग की गई और आतंकवादियों का समर्थन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को बधाई देते हुए सीएम गुप्ता ने कहा कि पूरा देश उनसे उम्मीद करता है क्योंकि राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पूरा देश जेएनयू जैसी घटनाओं से सदमे में है जहां दंगा आरोपियों की जमानत की मांग की जाती है और आतंकवादियों का समर्थन किया जाता है। देश के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वविद्यालय में छात्र अशोभनीय नारे लगाते हैं और राष्ट्र के खिलाफ बोलते हैं। युवाओं के लिए आयोजित संवाद कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं से मुलाकात की। लंच विद रेखा गुप्ता में सीएम ने कहा कि यदि युवा केवल समस्याएं गिनाने तक सीमित न रहकर समाधान का हिस्सा बनें तो न सिर्फ दिल्ली बल्कि पूरे देश की सूरत बदली जा सकती है। विकसित दिल्ली की असली रीढ़ युवा हैं। संवाद, सहयोग तथा संकल्प के बिना राजधानी के विकास का सपना पूरा नहीं हो सकता।

## राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें, शिक्षा से 'आत्मनिर्भरता' को दें बढ़ावा

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के 9वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वाद-विवाद, चर्चा, असहमति और यहां तक कि टकराव भी एक स्वस्थ लोकतंत्र के अनिवार्य तत्व हैं। इन प्रक्रियाओं का अंततः किसी निष्कर्ष तक पहुंचना आवश्यक है। एक बार निर्णय हो जाने के बाद, उसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सामूहिक सहयोग अनिवार्य है जिससे प्रशासन सुचारु और प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक मूल्यों का समानांतर विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उपनिषदों और भगवद्गीता से लेकर भारतीय शास्त्रों और ग्रंथों ने सदैव समाज और नैतिक जीवन के केंद्र में शिक्षा को स्थान दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान और कौशल को राष्ट्र सेवा में समर्पित करने का आह्वान किया। शिक्षा केवल डिग्रियां प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य चरित्र निर्माण, बौद्धिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना होना चाहिए।



## चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को सुधार पाएंगे गोर?

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में कार्यभार संभाल लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल गोर की नियुक्ति की घोषणा की थी। भारत-अमेरिका संबंध पिछले एक साल में अब तक के सबसे निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की हालिया टिप्पणी से ऐसा संदेश गया, जैसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह पटरी से उतर गया है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया। जबकि पिछले साल दोनों नेताओं के बीच आठ बार बातचीत हुई थी। भारत पर इस समय दुनिया में सर्वाधिक टैरिफ लागू है। लगातार वार्ता होने के बावजूद दोनों देश अब तक किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके हैं। समझा जाता है कि गोर के आने के बाद दोनों देशों के संबंध एक बार फिर पटरी पर लौट सकते हैं। गोर की टैरिफ पर समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच चल रही वार्ता पर यह टिप्पणी खास तौर पर ध्यान देने योग्य है। गोर ने कहा, 'सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेद दूर कर लेते हैं।' राष्ट्रपति ट्रंप की हाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत को याद करते हुए गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अक्सर अपनी भारत यात्रा और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत समझ का जिक्र करते हैं। गोर ने कहा, आशा है कि राष्ट्रपति जल्द ही भारत आएंगे, उम्मीद है अगले एक या दो वर्षों में। दोनों देशों के संबंधों पर गोर ने आगे कहा, 'भारत से अधिक महत्वपूर्ण कोई साझेदार नहीं है। आने वाले महीनों और वर्षों में भारत में राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एजेंडा आगे बढ़ाना है। हम यह एक सच्चे रणनीतिक साझेदार के रूप में करेंगे, जहां दोनों देश अपनी-अपनी ताकत, सम्मान और नेतृत्व लेकर आगे आएंगे।' गोर का यह रुख दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का काम कर सकता है। हालांकि ट्रंप का एक साल का कार्यकाल भारत के लिए किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं रहा। टैरिफ को अगर छोड़ भी दें तो भी ट्रंप ने वह हर काम किया, जिससे भारत के हितों पर प्रतिकूल असर पड़ता हो। एच1बी वीजा से लेकर रेमिटेंस पर टैक्स बढ़ाना, अवैध भारतीयों को हथकड़ी लगाकर वापस भेजना, अमेरिका जाने के इच्छुक भारतीयों के लिए वीजा में देरी आदि ऐसे कई काम हुए हैं, जिसने आम भारतीय के दिल में भी अमेरिका के प्रति सम्मान को कम किया है। गोर अभी अपने कार्यकाल की शुरुआत कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए भारतीयों के मन में अमेरिका का सम्मान स्थापित करना भी बड़ी चुनौती होगा। पाकिस्तान के परोक्ष शासक आसिम मुनीर को ट्रंप ने जिस तरह से गले लगाया है, वह किसी भारतीय को पसंद नहीं आया। इसलिए गोर की भारत में राह बहुत आसान होगी, यह कह पाना मुश्किल है। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि यह 'आसान काम नहीं' है। जब वह कहते हैं कि व्यापार हमारे रिश्ते का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन हम सुरक्षा, आतंकवादरोधी प्रयास, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी मिलकर काम करते रहेंगे तो साफ हो जाता है कि अमेरिका की प्राथमिकता क्या है? गोर भारत में अमेरिकी राजदूत के साथ ही दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत भी हैं।



आर्थिकी
अश्विनी महाजन

# जीडीपी वृद्धि से नहीं रुकेगी रुपये की गिरावट

> पिछली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज़्यादा होने पर भी उसकी करंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है।

आज़ादी के बाद से, भारतीय रुपये की अमेरिकी डॉलर के मुकाबले धीरे-धीरे कमज़ोर होने की प्रवृत्ति रही है। 2024 में 3.30 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरता हुआ 2025 के मध्य तक 83.4 रुपये और दिसंबर 2025 तक लगभग 90 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर हो गया। रुपये की कमज़ोरी की रफ़्तार दशकों में अलग-अलग रही है, जो घरेलू पॉलिसी और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक हालात दोनों को दिखाती है। शुरुआती सालों (1947–1966) में, ब्रिटिश पाउंड से जुड़े स्थिर विनिमय डर के तहत रुपया लगभग 4.4% वार्षिक की दर से गिरा। 1966 और 1976 के बीच, 1966 के अवमूल्यन और कड़े नियमन के बाद अवमूल्यन सालाना 1.8% तक धीमा हो गया।

1976-1986 के बीच तेल के झटकों और आर्थिक दबाव की वजह से हर साल 3.5% की थोड़ी ज़्यादा गिरावट देखी गई, जबकि 1986-1996 में सबसे ज़्यादा 10.9% सालाना गिरावट देखी गई, जो भुगतान शेष संकट और बाज़ार निर्धारित विनिमय दर की वजह से हुई। उदारीकरण के बाद, 1996 के बाद से, रुपये की गिरावट में कमी आई। 1996-2004 के दौरान हर साल 3.0%, 2004-2014 में हर साल 2.9%, और 2014-2024 तक हर साल 3.3%। कुल मिलाकर, जबकि गिरावट संरचनात्मक है, 1990 के दशक के बाद नीति सुधारों और आर्थिक स्थिरता ने इस प्रवृत्ति को स्थायित्व प्रदान किया। हालांकि, पिछले एक साल में रुपये में 4.7 प्रतिशत की ज़्यादा तेज़ी से गिरावट आई है, यह एक अल्पकालिक घटना लगती है। यह एक आम धारणा है कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था का मतलब है कि उस मुद्रा की ताकत भी मजबूत होगी। वर्तमान समय में यह धारणा ग़लत साबित हो रही है। हम देखते हैं कि पिछले लगभग एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज़ गति से बढ़ रही है और पिछले लगभग पांच वर्षों से इसे दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार (जीडीपी) 2014 में 2.07 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। इस दौरान प्रति व्यक्ति आय भी 1554 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2878 अमेरिकी डॉलर हो गई है। अगर हम वर्तमान मूल्यों पर जीडीपी देखें, तो यह 2014-15 में 106.6 लाख करोड़ रुपये से तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपये हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले दो सालों में, रुपये-डॉलर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव एक जैसा नहीं रहा है। पिछली तिमाही में, भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसे संघर्षों और युद्धों के कारण भूराजनीतिक तनाव और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा शुरू किए गए अभूतपूर्व टैरिफ युद्ध के कारण अस्त-व्यस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच काफी अच्छा माना जाता है। तेज़ आर्थिक ग्रोथ से आम तौर पर किसी देश की करंसी मज़बूत होनी चाहिए, लेकिन भारत अक्सर एक विरोधाभास का अनुभव करता है, जहां जीडीपी ग्रोथ ज़्यादा होने पर भी उसकी करंसी काफ़ी कम हो जाती है। इस विरोधाभास को समझने की ज़रूरत है, क्योंकि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव जीडीपी ग्रोथ से तय नहीं होता है, बल्कि कई तत्वों से तय होता है, जिनका असर




विदेशी मुद्रा की मांग और पूर्ति पर पड़ता है। पहला, विनिमय दर सिर्फ़ जीडीपी ग्रोथ के बजाय पूंजीगत प्रवाह से ज़्यादा चलती है। मज़बूत ग्रोथ के बावजूद, अगर विदेशी निवेशक वैश्विक अनिश्चितता, अपने देश/देशों में बढ़ती ब्याज़ दरों, या रिस्क से बचने की वजह से पूंजी निकालते हैं, तो रुपया कमज़ोर हो जाता है। भारत में ठीक यही हुआ है; 2025 में ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने 15 दिसंबर, 2025 तक भारतीय स्टॉक मार्केट से 18.4 बिलियन अमरीकी डॉलर निकाले, भारतीय अर्थव्यवस्था में किसी कमज़ोरी की वजह से नहीं, बल्कि अपने ही कारणों से। फिर से, हम देखते हैं कि एफपीआई की भारी निकासी के बावजूद, भारतीय स्टॉक मार्केट अपने ग्रोथ के रास्ते पर चलते रहे हैं। निकासी के लगातार दबाव का विदेशी मुद्रा की पूर्ति पर बुरा असर पड़ा है और इसके कुल असर ने रुपये की गिरावट में अहम भूमिका निभाई है। दूसरा, मज़बूत होने के बजाय, ज़्यादा जीडीपी ग्रोथ, रुपये की गिरावट का कारण भी बन सकती है। भारत में ज़्यादा ग्रोथ अक्सर आयात को बढ़ाती है, खासकर कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और पूंजीगत सामान के लिए। बढ़ते आयात से डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव पड़ता है। हम देखते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मशीनरी और कई दूसरे क्षेत्रों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए कलपुर्जों और कच्चे माल का आयात ज़रूरी हो जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा की माँग बढ़ती है। इसके अलावा, बढ़ी हुई मैन्युफैक्चरिंग निर्यात से ज्यादा देश में ही उपभोग हो जाती है। गौरतलब है कि भारत के वस्तु व्यापार में घाटा 2023-24 में 240 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 282.2 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। इससे भी बड़ी बात यह है कि इस घाटे में से 85.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 99.2 बिलियन यूएस डॉलर सिर्फ़ चीन से थे। यह प्रवृत्ति 2025-26 में भी जारी रहेगी, जहाँ अप्रैल से सितंबर 2025 के पहले छह महीनों में, वस्तु व्यापार में घाटा 59.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है। तीसरा, डॉलर के दबदबे और दुनिया भर में मॉनेटरी सख्ती से भी रुपया कमजोर हो रहा है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के दायरे से बाहर है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सख्ती के समय, ज़्यादातर करंसी के मुकाबले डॉलर मजबूत होता है। ऐसे समय में, रुपये में गिरावट दुनिया भर में डॉलर की मजबूती को दिखाती है, घरेलू कमजोरी को नहीं। चौथी बात, महंगाई से करंसी की वैल्यू में गिरावट आती है। भारत के मामले में, अतीत में अधिक महंगाई रुपये के कमज़ोर होने का एक बड़ा कारण रही है। कम महंगाई न केवल हमारे निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बनाती है, बल्कि आयात पर भी दबाव कम करती है। इस तरह यह व्यापार शेष और भुगतान शेष को नियंत्रण में रखने तथा घरेलू करंसी को स्थिर बनाए रखने में मदद कर सकती है।

पांचवीं बात, भारत की अधिकांश ग्रोथ निर्यात के बजाय घरेलू खपत और सार्वजनिक निवेश से संचालित होती है। जब ग्रोथ घरेलू मांग से आती है, तो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में समान अनुपात में वृद्धि हुए बिना यह अपने आप करंसी की मज़बूती में नहीं बदलती। छठी बात, कई बार सरकार स्वयं निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए रुपये की कीमत कम होने देती है या उसे प्रोत्साहित करती है। इसलिए, कभी-कभी रुपये की गिरावट एक नीति होती है, न कि किसी आर्थिक विफलता का संकेत। वास्तव में, हाई ग्रोथ वास्तविक आर्थिक विस्तार को दर्शाती है, जबकि रुपये का मूल्य सापेक्ष कीमतों, पूंजी प्रवाह और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करता है। दोनों का एक साथ होना कोई विरोधाभास नहीं है, बल्कि संरचनात्मक रूप से आयात-निर्भर अर्थव्यवस्था की एक विशेषता है।

(लेखक दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## लोक संस्कृति
बाल मुकुन्द ओझा



# लोक संस्कृति और स्मृद्धि का पर्व है लोहड़ी

देश की बहुरंगी लोकसंस्कृति का महत्वपूर्ण त्योहार लोहड़ी मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाया जाता है। इस साल लोहड़ी पर्व 13 जनवरी को मनाया जाएगा। लोहड़ी का पर्व फसल से जुड़ा है। यह पर्व नई फसल की बुआई और पुरानी फसल की कटाई से संबंधित है। विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत में यह त्योहार परंपरागत हंसी-ख़ुशी, उमंग-उत्साह के साथ मनाया जाता है। प्रवासी भारतवासी विदेशों में भी अपने रंगीले त्योहार की खुशियां गीत, संगीत और नृत्य के साथ बांटते है। लोहड़ी का त्योहार हर साल 13 जनवरी को मनाया जाता है। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार, यह त्योहार सूर्य की उत्तरी गोलार्ध की यात्रा का प्रतीक है। मुख्यतः पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत के इस लोकप्रिय फसल उत्सव में अच्छी फसल के लिए आभार व्यक्त करने और ईश्वर से सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए पवित्र अलाव जलाया जाता है।

लोहड़ी मनाने के पीछे भी एक कहानी है जिसके नायक दुल्ला भट्टी हैं। बताया जाता है कि सांदल बार इलाके के जागीरदार ने एक ब्राह्मण की दो बेटियों को उठा लिया था। यह इलाका अब पाकिस्तान के मुल्तान शहर के पास है। दुल्ला मुगलों के खिलाफ तब गुरिल्ला लड़ाई कर रहे थे। कहानी के मुताबिक दुल्ला भट्टी ने दोनों लड़कियों को छुड़ाया और खुद गरीब ब्राह्मण की जगह उनका बाप बना। लड़कियों के सिर के सालू (पल्लू) को बेटियों की इज्जत माना जाता था, जिसे उसने रखवाया। तब किसी गरीब के हक में और वह भी लड़कियों के हक में खड़े होना बड़ी बात थी। हर त्योहार की तरह यह भी दोस्तों, परिवार और रिश्तेदारों के साथ मिलकर मनाया जाता है। उपले और लकड़ी की मदद से बोनफायर जलाया जाता है। पंजाब में लोहड़ी का त्योहार प्रमुख रूप से और बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से दिन छोटा और रात काफी बड़ी होती है। फसल कटाई के मौके पर मनाए जाने वाले इस त्योहार को बोनफायर जलाकर सेलिब्रेट किया जाता है। वहीं लोग इसके चारों तरफ घूमकर नाचते हैं और आग में प्रसाद डालते हैं। पंजाब के अलावा हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में इसकी धूम होती है। पारिवारिक समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी एवं मूंगफली का भोग लगाया जाता है। ढोल की थाप के साथ गिद्दा और भाँगड़ा नृत्य इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। पंजाबी समाज में इस पर्व की तैयारी कई दिनों पहले ही शुरू हो जाती है। इसका संबंध मन्नत से जोड़ा गया है अर्थात जिस घर में नई बहू आई होती है या घर में संतान का जन्म हुआ होता है तो उस परिवार की ओर से खुशी बाँटते हुए लोहड़ी मनाई जाती है। सगे-संबंधी और रिश्तेदार उन्हें आज के दिन विशेष सौगात के साथ बधाइयाँ भी देते हैं। लोहड़ी से 10-12 दिन पहले ही बच्चे 'लोहड़ी' के लोकगीत गाकर दाने, लकड़ी और उपले इकट्ठे करते हैं। इस सामग्री से चौराहे या मुहल्ले के किसी खुले स्थान पर आग जलाई जाती है। रेवड़ी और मूंगफली अग्नि की भेंट किए जाते हैं तथा ये ही चीजें प्रसाद के रूप में सभी लोगों को बाँटी जाती हैं। घर लौटते समय 'लोहड़ी में से दो चार कोयले प्रसाद के रूप में, घर पर लाने की प्रथा भी है। लोग अग्नि के चारों ओर चक्कर काटते हुए नाचते-गाते हैं व आग मे रेवड़ी, मूंगफली, खील, मक्की के दानों की आहुति देते हैं। आग के चारों ओर बैठकर लोग आग सेंकते हैं व रेवड़ी, खील, गज्जक, मक्का खाने का आनंद लेते हैं। जिस घर में नई शादी हुई हो या बच्चा हुआ हो उन्हें विशेष तौर पर बधाई दी जाती है। पहले बेटा होने पर त्योहार मनाया जाता था, मगर अब कन्या होने पर दूने जोश और उत्साह से कन्या लोहिड़ी का पर्व मनाया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य बेटियों को समाज में बेटों के बराबर मान-सम्मान मिले व लोगों की नकारात्मक सोच को बदलना है। आज लोहड़ी के त्योहार की पवित्रता सैकड़ों गुणा बढ़ गई है, क्योंकि यहां भारतीय संस्कृति में देवी के रूप में पूजी जाने वाली कन्याओं की लोहड़ी मनाई जा रही है। सच है कि जिनके यहां बेटी ने जन्म लिया है, वे समाज की रूढ़ियों को तोड़कर बेटी की पहली लोहड़ी हर्षोल्लास से मना रहे हैं। पंजाबी समाज ने कन्या लोहड़ी मनाने की पहल कर देशवासियों का ध्यान बेटी के मान-सम्मान से जोड़कर पर्व मानाने की पवित्रता को द्विगुणित किया है।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कई काम के बदले एक काम को बेहतर करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें

सोशल मीडिया के लगातार उपयोग ने बच्चों में चिंता, अवसाद, नींद की कमी, साइबर बुलिंग, पढ़ाई में गिरावट, आत्मविश्वास में कमी, हिंसक या भ्रामक सामग्री का संपर्क जैसी समस्याएं तेज़ी से बढ़ाई हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित कई संस्थाओं ने बार–बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिगों को प्लेटफॉर्म से दूर रखने में विफल रही हैं। इस बढ़ती चिंता के बीच दुनिया के दूसरे कोने से एक बेहद साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय सामने आया, ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लागू कर दिया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट, टिकटॉक जैसे सभी प्लेटफॉर्म अब 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देंगे। भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए। *– मोहन जोशी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# भारतवंशी कुलकर्णी आरएएस के स्वर्ण पदक से सम्मानित



भारतवंशी खगोलशास्त्री प्रोफेसर श्रीनिवास कुलकर्णी को खगोलशास्त्र में उनकी महत्वपूर्ण खोजों के लिए लंदन स्थित 'रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' (आरएएस) द्वारा प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र में जन्मे कुलकर्णी कैलिफ़ोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (कैलटेक) में खगोलशास्त्र और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं, जहां उन्होंने 'ब्राउन ड्वार्फ़' और दूरस्थ गामा किरणों के विस्फोट सहित खगोलीय पिंडों की एक विस्तृत श्रृंखला की खोज की है। पिछले सप्ताह उन्हें मिले आरएएस स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र में 'खगोल भौतिकी में उनके निरंतर, नवोन्मेषी और अभूतपूर्व योगदान' को मान्यता दी गई है। वर्ष 1824 से हर साल दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करके वह स्टीफन हॉकिंग, जोसेलिन बेल बर्नेल, अल्बर्ट आइंस्टीन और एडविन हबल जैसी महान वैज्ञानिक प्रतिभाओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। कुलकर्णी ने कहा, यह जानकर मुझे बहुत आश्चर्य हुआ, खासकर पिछले विजेताओं की शानदार सूची को देखते हुए। उन्होंने कहा, मैं अपने दीर्घकालिक सहयोगियों और पालोमर ट्रांजिएंट फैक्टरी और ज़्विकी ट्रांजिएंट प्रतिष्ठान की इंजीनियरिंग टीम और सदस्यों को परियोजनाओं में उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

## ऑफ बीट

# बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने में साझा पठन-पाठन जरूरी



ब्रिटेन में बच्चों और युवाओं के बीच किताबें पढ़ने की रुचि लगातार घट रही है। एक सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि आनंद के लिए किताबें पढ़ने वाले बच्चों का अनुपात पिछले दो दशकों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस स्थिति को देखते हुए ब्रिटेन सरकार, नेशनल लिटरेसी ट्रस्ट और अन्य संगठनों ने वर्ष 2026 को 'राष्ट्रीय पठन वर्ष' घोषित किया है, ताकि लोगों को पढ़ने के लिए फिर से प्रेरित किया जा सके। अभियान का उद्देश्य बच्चों और परिवारों को उनकी मौजूदा रुचियों के अनुरूप पढ़ने से जोड़ना है। विशेषज्ञों के अनुसार, माता-पिता और अभिभावकों के लिए बच्चों में पढ़ने का शौक विकसित करने का सबसे प्रभावी तरीका उनके साथ मिलकर पढ़ना है, चाहे बच्चा पढ़ने में रुचि रखता हो या नहीं। अध्ययनों से पता चलता है कि बचपन से बच्चों के साथ पढ़ने से सामाजिक और आर्थिक असमानताओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है। छोटे बच्चों को पढ़कर सुनाने से उनके शुरुआती विकासात्मक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है और वे आगे चलकर स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। कम उम्र से पढ़ने वाले बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता तेज होती है और उनकी शब्दावली भी अधिक समृद्ध होती है, जिससे वे अच्छे पाठक बनते हैं।

## ट्रेंड

### समाज के प्रति जिम्मेदारी



जेएनयू की डिग्री केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है। मेरा विश्वास है कि यहां की समावेशिता, सामाजिक न्याय और जिम्मेदारी की परंपरा आगे बढ़ाते हुए छात्र विकसित भारत के लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।
**- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### सड़क सुरक्षा माह



31 जनवरी तक हम प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' आयोजित कर रहे हैं। यह हमारे परिवारों और भविष्य की रक्षा का संकल्प है। प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुगम-सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस तो नियमों को कड़ाई से लागू करेगी ही, परंतु सभी का सहयोग भी अपेक्षित है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### सबसे सुव्यवस्थित राज्य



अगर किसी को ऋणों पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए तो वह कांग्रेस पार्टी है, जिसकी कर्नाटक सरकार ने ऋण लेने में नया रिकॉर्ड बनाया है। असम भारत का सबसे सुव्यवस्थित और सबसे तेजी से विकासशील राज्य है और इस तथ्य की पुष्टि आरबीआई ने भी की है।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### क़ानून का डर ज़रूरी है



मेरठ के सरधना क्षेत्र में ही कश्यप समाज के युवक को जलाकर मार देने की अति क्रूर व शर्मनाक घटना की जितनी भर्त्सना की जाए, वह कम है। ऐसे आपराधिक तत्वों को क़ानून का डर होना ज़रूरी।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## विजय हजारे ट्रॉफी : मुंबई को 54 रन से करना पड़ा हार का सामना

# कर्नाटक लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पड़िक्कल और नायर ने खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

गत चैंपियन कर्नाटक ने वर्षाबाधित मैच में वीजेडी पद्धति के जरिए मुंबई को 54 रन से हराकर लगातार चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बना चुके देवदत्त पडिक्कल ने 95 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 81 रन बनाए जबकि भारत के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर ने 80 गेंद में नाबाद 74 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल थे। कर्नाटक ने जीत के लिए 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बारिश होने तक 33 ओवर में एक विकेट पर 187 रन बना लिए थे। उस समय वीजेडी प्रणाली से लक्ष्य 132 रन था और कर्नाटक 55 रन आगे था, जिससे उसे विजेता घोषित किया गया।



### सरफराज टूर्नामेंट से बाहर

इससे पहले मुंबई को करारा झटका लगा जब अभ्यास के दौरान ऊंगली में चोट के कारण उसके शीर्ष बल्लेबाज सरफराज खान (303 रन) टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उनकी गैर मौजूदगी में मुंबई आठ विकेट पर 254 रन ही बना सके। शम्स मुलानी ने 86 रन बनाए जबकि सिद्धेश लाड ने 38 रन का योगदान दिया। कर्नाटक के लिए विद्याधर पाटिल ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि अभिलाष शेट्टी और विद्वत कावेरप्पा ने दो-दो विकेट चटकाए।

## सौराष्ट्र सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को हराया

**बेंगलुरु।** कप्तान हार्विक देसाई के नाबाद शतक से सौराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को वर्षा से बाधित मैच में वीजेडी पद्धति के तहत 17 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उत्तर प्रदेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 310 रन बनाए। इसके जवाब में जब सौराष्ट्र ने 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा, जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया और सौराष्ट्र को वी जयदेवन (वीजेडी) पद्धति के तहत विजेता घोषित किया गया। सौराष्ट्र की ओर से कप्तान देसाई ने 116 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। उन्होंने प्रेरक मांकड़ (66 गेंद में 67 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन की पारी खेली। देसाई ने इसके बाद चिराग जानी (नाबाद 40, 31 गेंद) के साथ चौथे विकेट के लिए 76 रन की अटूट साझेदारी की। देसाई ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के मारे।

### अभिषेक और रिज्वी ने जड़े अर्धशतक

उत्तर प्रदेश के लिए अभिषेक गोस्वामी (88) और समीर रिज्वी (88) ने अर्धशतक जड़े। गोस्वामी ने अपनी पारी में 12 चौके मारे जबकि समीर ने 10 चौके और दो छक्के जड़े। समीर ने प्रशांत वीर (30) के साथ 50 जबकि गोस्वामी के साथ 45 रन की साझेदारी की। कप्तान रिंकू सिंह (13) ने हालांकि निराश किया। प्रियम गर्ग ने भी 35 रन का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया ने 54 रन पर तीन विकेट चटकाए। अंकुर पंवार और प्रेरक मांकड़ ने दो-दो विकेट चटकाए।

आईसीसी ने बीसीबी की मांग को किया खारिज

## बांग्लादेश को भारत में ही खेलने होंगे अपने टी-20 वर्ल्ड कप के मैच

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को संकेत दिया कि वह भारत में होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबलों के स्थल को बदलने की बांग्लादेश की मांग को खारिज कर दिया। आईसीसी ने देश की सुरक्षा चिंताओं पर एक आकलन रिपोर्ट में खतरे की आशंका को 'कम' बताया गया है। आईसीसी के सूत्रों के अनुसार वैश्विक संचालन संस्था की जोखिम आकलन रिपोर्ट में सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में बांग्लादेश




टीम के हिस्सा लेने पर किसी विशिष्ट या सीधे खतरे का जिक्र नहीं किया गया है। यह बांग्लादेश के खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल के इस दावे का भी खंडन करता है कि मुस्ताफिजुर रहमान को टीम में शामिल करने से खतरे में बढ़ोतरी होगी। बांग्लादेश को भारत में लीग चरण के चार मैच खेलने हैं। आईसीसी के सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, ''यह स्पष्ट करना जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा किए गए आईसीसी के स्वतंत्र जोखिम आकलनों से यह नतीजा नहीं निकलता कि बांग्लादेश भारत में अपने तय मैच नहीं खेल सकता।'' सूत्र ने कहा, ''भारत में टूर्नामेंट के लिए कुल मिलाकर सुरक्षा जोखिम को कम से मध्यम आंका गया है जो कई बड़ी वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं के प्रोफाइनल के अनुरूप है।

## बार्सिलोना ने फिर जीता स्पेनिश सुपर कप का खिताब

**जेद्दा।** राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस को चकमा दे गई। फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया।




एएसबी क्लासिक

## भांबरी-गोरानसन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची




एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में सीधे सेटों में जीत हासिल करके पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन ने पहले दौर के मैच में अजीत राय और जीन जूलियन रोजर की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी को 6-3 6-2 से हराया। भांबरी और गोरानसन ने पूरे मुकाबले के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण का प्रदर्शन किया।



### भांबरी-गोरानसन ने बनाया दबदबा

भांबरी और गोरानसन की जोड़ी ने अपनी सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट लेकर मैच को एक घंटे से कुछ अधिक समय में ही समाप्त कर दिया। इस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले अपनी शानदार फॉर्म का भी सबूत पेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मुकाबले में चार ब्रेक प्वाइंट में से तीन को बचाया और अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को चार बार तोड़ा। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण है।

## श्रीलंका ने घरेलू मैदान में 14 साल बाद चखा जीत का स्वाद, पाक को दी मात

**दांबुला।** कप्तान दासुन शनाका की आतिशी पारी और स्पिनर वानिंदु हसरंगा की शानदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने तीसरे औरअंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 14 रन से हराकर घरेलू मैदान पर जीत के 14 साल के सूखे को समाप्त करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। बारिश से प्रभावित मैच में शनाका ने नौ गेंदों में 34 रन बनाने में पांच छक्के जड़े, जिससे श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद निर्धारित 12 ओवरों में छह विकेट पर 160 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने केवल 12 गेंदों



में 45 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके बाद श्रीलंका के तेज गेंदबाजों मथीशा पथिराना (34 रन देकर दो विकेट) और ईशान मलिंगा (27 रन देकर एक विकेट) ने आखिर में दो किफायती ओवर फेंके जबकि हसरंगा ने 35 रन देकर चार विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान की टीम आठ विकेट पर 146 रन ही बना पाई।

## हैरिस ने आरसीबी को यूपी पर नौ विकेट से जीत दिलाई

**नवी मुंबई।** ग्रेस हैरिस के 40 गेंद में 85 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को नौ विकेट से हरा दिया। यूपी वारियर्स ने डिएंड्रा डोटिन और दीप्ति शर्मा की पारियों के दम पर शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए पांच विकेट पर 143 रन बनाये थे। जवाब में हैरिस ने सत्र का सबसे तेज अर्धशतक 22 गेंद में पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में दस चौके और पांच छक्के जड़े। लगातार दूसरी जीत के साथ पूर्व चैम्पियन आरसीबी अब तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। कप्तान स्मृति मंधाना ने 32 गेंद में नौ चौकों की मदद से नाबाद 47 रन बनाये जिसमें नौ चौके शामिल थे। दोनों ने पहले विकेट के लिये 137 रन की साझेदारी करके मुकाबले को एकतरफा बना दिया। आरसीबी ने 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैरिस ने डोटिन के एक ओवर में 32 रन ले डाले जो निर्णायक साबित हुए। उन्होंने पहले नोबॉल पर चौका लगाया जिसके बाद तीन छक्के और दो चौके जड़े। लेग स्पिनर आशा शोभना के ओवर में उन्होंने 17 रन लिये।






## ईरान के विदेश मंत्री अब्बासी बोले- योजना के तहत किए जा रहे हमले

# ये महज प्रदर्शन नहीं देश के खिलाफ आतंकी जंग, अब तक 544 की मौत

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे ऑडियो रिकॉर्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं।



लास ऐंजलिस में रैली के बीच घुसा ट्रक

वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है।वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान सरकार प्रदर्शनों को रोकने के लिए रेड लाइन पार कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका 'कड़े विकल्पों' पर विचार कर रहा है।

पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान में प्रदर्शनकारियों के साथ जो हो रहा है, उस पर अमेरिका की नजर है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान रेड लाइन पार कर चुका है, तो उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा है कि वे ऐसा करने लगे हैं।

### ईरान विरोधी रैली में ट्रक घुसा

अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की। घटना रविवार दोपहर लॉस एंजिलिस में हुई, जहां सैकड़ों लोग ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च कर रहे थे। घटना में कितने लोग घायल हुए हैं, यह साफ नहीं है। लेकिन घायलों का इलाज अभी भी चल रहा है।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात पर बोले ट्रंप नाटो को ज्यादा जरूरत अमेरिका की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ग्रीनलैंड को हासिल करने की बात कही है। डेनमार्क की भूमिका को खारिज करते हुए उन्होंने चेतावनी दी है कि आर्कटिक द्वीप पर रूस या चीन का प्रभाव हो सकता है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने ग्रीनलैंड या डेनमार्क को कोई ठोस प्रस्ताव दिया है, तो उन्होंने जवाब दिया, मैंने ऐसा नहीं किया है, लेकिन ग्रीनलैंड को यह डील करनी चाहिए क्योंकि ग्रीनलैंड नहीं चाहता कि रूस या चीन इस पर कब्जा करें। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि ग्रीनलैंड को डील करनी चाहिए क्योंकि उसकी मौजूदा सुरक्षा बहुत कम है। उन्होंने कहा, क्या आप जानते हैं कि उनकी रक्षा रणनीति क्या है? इसी बीच आपके पास रूसी डिस्ट्रॉयर और सबमरीन और चीन के डिस्ट्रॉयर और सबमरीन सब जगह हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। अगर इससे नाटो पर असर पड़ता है, तो नाटो पर असर पड़ेगा, लेकिन आप जानते हैं कि उन्हें हमारी जरूरत हमसे ज्यादा है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी कथित तौर पर ग्रीनलैंड में आर्कटिक सुरक्षा के लिए एक संयुक्त नाटो मिशन की योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं।

### रुबियो को क्यूबा का राष्ट्रपति बनाएंगे ट्रंप

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीखी बयानबाजी करते हुए क्यूबा पर हमले के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने क्यूबा को धमकाते हुए डील फाइनल करने या नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। इतना ही नहीं ट्रंप ने अपने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को क्यूबा का राष्ट्रपति बनाने को 'अच्छा विचार' बताकर नया विवाद भी पैदा कर दिया है। ट्रंप का यह बयान उनकी ओर से दुनिया के कई देशों को दी जा रही धमकियों की कड़ी में आया है।*

### मस्क को झटका, मलेशिया ने भी बंद किया ग्रोक

**न्यूयॉर्क।** अरबपति एलन मस्क को बड़ा झटका लगा है। वजह ये है कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों, मलेशिया और इंडोनेशिया ने अपने यहां ग्रोक एआई चैटबॉट को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, इस टूल का इस्तेमाल महिलाओं और नाबालिगों की अश्लील, गैर-सहमति वाली और एडिटेड तस्वीरें बनाने में किया जा रहा था, जो गंभीर चिंता का विषय है।






# आतंकवाद, रक्षा, अर्थव्यवस्था और तकनीक... भारत और जर्मन के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता, दोनों ही देशों ने दिखाई एकजुटता

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें दोनों नेताओं ने भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। जर्मन चांसलर मर्ज की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 सालों और रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे होने के विशेष मौके पर हुई। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें रक्षा, अर्थव्यवस्था, तकनीक और शिक्षा क्षेत्र प्रमुख हैं। पीएम मोदी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, भारत और जर्मनी जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं के बीच करीबी सहयोग न केवल दोनों राष्ट्रों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। हमने आर्थिक साझेदारी को 'लिमिटलेस' बनाने का फैसला किया है, जिसमें रक्षा, स्पेस और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी जैसे रणनीतिक क्षेत्र शामिल हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की मेजबानी करना हमारे लिए खुशी की बात थी। उनकी यात्रा से भारत-जर्मनी संबंधों को नई गति मिली है, क्योंकि हम अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 साल और राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे कर रहे हैं।



*रक्षा अर्थव्यवस्था तकनीक के क्षेत्र में हुई बात*

*भारत-जर्मनी संबंधों को मिली नई गति- पीएम मोदी*



**आतंकी घटनाओं की कड़ी निंदा**

उन्होंने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम, जम्मू और कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले और 10 नवंबर 2025 को दिल्ली में हुई आतंकी घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र 1267 प्रतिबंध समिति में सूचीबद्ध लोग भी शामिल हैं।

### चीन ने शक्सगाम घाटी को अपना बताया

**बीजिंग।** चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के जरिए पाकिस्तान तक सड़क बना रहा है, जो इस इलाके से गुजर रही है। भारत को इस पर कड़ी आपत्ति है। भारत इस इलाके में किसी भी विदेशी अवैध निर्माण के खिलाफ रहा है। भारत ने 9 जनवरी को भी इस इलाके में चीन के कंट्रोल को अवैध कब्जा बताया था। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को कहा कि जिस इलाके को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वह चीन का ही हिस्सा है।

## आस्ट्रेलिया ने भारत सहित कई देशों को 'हाई रिस्क कैटेगरी' में डाला

**छात्रों को अधिक दस्तावेजी सबूत देने होंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने भारत, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के छात्रों के लिए वीजा नियमों को सख्त करते हुए उन्हें 'हाई रिस्क' कैटेगरी में डाल दिया है। इन देशों को अब 'एविडेंस लेवल-2' से हटाकर 'लेवल-3' में रखा गया है, जिसका सीधा अर्थ है कि अब छात्रों को अधिक दस्तावेजी सबूत देने होंगे और उनकी गहन जांच की जाएगी।



इस बदलाव के तहत, भारतीय छात्रों के बैंक स्टेटमेंट्स का मैन्युअल वेरिफिकेशन होगा और उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि की बारीकी से जांच की जाएगी। साथ ही, अंग्रेजी भाषा की दक्षता के लिए अतिरिक्त प्रमाण मांगे जा सकते हैं और वीजा अधिकारियों को संस्थानों से सीधे संपर्क करने का अधिकार होगा।

### विश्व स्तर पर भारत की आवाज जरूरी: जुआन

**नई दिल्ली।** भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा कि हमें लगता है कि भारत जैसे देशों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत आवाज बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत एक बढ़ता हुआ देश है, यह दक्षिण का देश है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के शब्दों का वजन महत्वपूर्ण होता जा रहा है।



## परीक्षण के दौरान एक मूविंग टारगेट पर लगा सटीक निशाना

# टैंक खोजकर धवस्त करने वाली मिसाइल का परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की रक्षा तकनीक में एक और बड़ी उपलब्धि। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने रविवार को महाराष्ट्र के अहिल्या नगर के केके रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल फ्लाइट टेस्ट किया। यह मिसाइल टॉप अटैक मोड में चलते हुए टारगेट (मूविंग टैंक) को मारने में पूरी तरह सफल रही। यह भारत की सेना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह आधुनिक मुख्य युद्ध टैंकों को आसानी से नष्ट कर सकती है। यह एक मिसाइल तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉरगेट मिसाइल है। इसका मतलब है कि सैनिक मिसाइल छोड़ने के बाद उसे गाइड नहीं करना पड़ता-मिसाइल खुद ही लक्ष्य को ढूंढकर मारती है। यह मिसाइल बहुत हल्की है, जिसे एक सैनिक आसानी से कंधे पर उठाकर ले जा सकता है।


सटीक निशाना

### सटीक लगा निशाना

डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी ने इस टेस्ट को अंजाम दिया। टारगेट के रूप में एक थर्मल टारगेट सिस्टम इस्तेमाल किया गया, जिसे जोधपुर की डिफेंस लेबोरेटरी ने बनाया था। यह सिस्टम एक चलते हुए टैंक की तरह दिखता और महसूस होता है। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में चलते टारगेट को सटीक निशाना लगाकर सफलतापूर्वक नष्ट किया।

### ये हैं मुख्य विशेषताएं

- **टॉप अटैक मोड:** मिसाइल टैंक के ऊपर से (टॉप) हमला करती है, जहां टैंक की सबसे कमजोर जगह होती है (टैंक का ऊपरी हिस्सा पतला होता है)।
- **इमेजिंग इन्फ्रारेड होमिंग सीकर:** दिन और रात दोनों में काम करती है. यह थर्मल इमेजिंग से टारगेट को देखती है।
- **टैंडम वॉरहेड:** दो विस्फोटक हेड्स-पहला टैंक के रिएक्टिव आर्मर को तोड़ता है, दूसरा मुख्य बॉडी को नष्ट करता है। आधुनिक टैंकों को भी हरा सकती है।
- **ऑल इलेक्ट्रिक कंट्रोल सिस्टम:** बहुत तेज और सटीक।
- **उच्च प्रदर्शन साइटिंग सिस्टम:** सैनिक को टारगेट साफ दिखाई देता है।
- **प्रोपल्शन सिस्टम:** तेज और दूर तक मार करने में सक्षम।

### रक्षा मंत्री ने दी बधाई



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, इंडस्ट्री और पार्टनर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डीआरडीओ चेयरमैन डॉ. समीर वी. कमत ने कहा कि यह सफल परीक्षण हथियार प्रणाली को भारतीय सेना में शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28